

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, गुरूवार | 09 जनवरी 2025 | वर्ष : 03 अंक : 09 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मू बृहस्पतिवार से मेघालय, ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर



एजेंसी

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार से मेघालय और ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।बयान के मुताबिक, पहले दिन वह मेघालय के उमियम में पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए आईसीएआर अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 10 जनवरी को मुर्मू ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 10 जनवरी को मुर्मू ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

# छपरा में मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन प्रगति यात्रा में CM ने जिम-पुस्तकालय का भी किया निरीक्षण

**मुख्यमंत्री की इस प्रगति यात्रा से छपरा और आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई लहर दौड़ने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय निवासियों में उत्साह है। मुख्यमंत्री अपराह्न में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक भी करेंगे।**

वरिष्ठ संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
शकील हैदर,

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को छपरा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 425 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित छपरा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया, जिससे सारण प्रमंडल के लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने गड़खा प्रखंड के महम्मदा गांव में आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार, पोषण वाटिका, ओपन जिम, पुस्तकालय, तालाब सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड, नवनिर्मित पशु शेड, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा आवास, सोख्ता निर्माण, नल-जल योजना सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया।एकमा प्रखंड में मुख्यमंत्री 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली दो फोरलेन सड़कों का शिलान्यास करेंगे। इससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। सुरक्षा के मद्देनजर, प्रशासन ने तीन सौ से अधिक मजिस्ट्रेट और 1500 से अधिक पुलिस बल तैनात किए थे।मुख्यमंत्री की इस प्रगति यात्रा से छपरा और आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई लहर दौड़ने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय निवासियों में उत्साह है। मुख्यमंत्री अपराह्न में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक भी करेंगे।मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सारण जिले को लगभग 985 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 52 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 688.17 करोड़ रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 296.42 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।



प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत छपरा सदर प्रखंड के (एन०एच०-19) बिसेन टोला में बिशुनपुरा बाईपास पर (एन०एच०-19) लेफ्ट आउट छपरा पथ के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण तथा डोरीगंज बाजार से बिशुनपुरा तक प्रस्तावित एलिवेटेड पथ निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने 89.95 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एन०एच०-19 लेफ्ट आउट छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 40.53 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित खेरा बीनटोलिया पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत 701.26 करोड़ रुपये की लागत से छपरा, एन०एच०-31, बलिया मोड़ मांझी-दरौली-गुठनी, (एन0एच0-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी पथों के कार्यों में तेजी लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करें।

**मुख्यमंत्री ने सारण जिले को 985 करोड़ रुपये की दी सौगात, 52 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास**

## विशाखापट्टनम में पीएम मोदी का रोड शो, कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन



एजेंसी

विशाखापटनम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (8 जनवरी) को आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम पहुंचे, जहां उन्होंने आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण के साथ रोड शो किया। रैली के बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है। यहां के लोगों की सेवा करना हमारी प्रतिबद्धता है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का आंध्र प्रदेश के लिए यह पहला दौरा है। उन्होंने राज्य में 1.85 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने पुडीमडका में बन रहे ग्रीन हाइड्रोजन हब प्रोजेक्ट की भी नींव रखी।विकास परियोजनाओं के तहत 300 एकड़ में 25 इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सड़कें, इंडस्ट्रियल सेंटर, पोर्ट और केमिकल स्टोरेज जैसे प्रोजेक्ट्स की आधारशिला भी रखी गई।ग्रीन हाइड्रोजन हब प्रोजेक्ट को गंगावरम पोर्ट के पास लगभग 1200 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसके लिए 1.85 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका लक्ष्य 20 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी विकसित करना है। यहां रोज 1500 टन ग्रीन हाइड्रोजन का प्रोडक्शन होगा। ग्रीन अमोनिया, ग्रीन मेथनॉल और यूरिया समेत ग्रीन केमिकल्स का उत्पादन भी किया जाएगा।रेलवे और सड़क परियोजना के लिए 19,500 करोड़ रुपए

**मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है**

## आपको कितने बंगले चाहिए? शीश महल विवाद के बीच वीरेंद्र सचदेवा का आतिशी से सवाल



एजेंसी

**दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार जोरों पर चल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री का निवास, जिसे भाजपा 'शीश महल' बता रही है, बड़ा मामला बन गया है। आम आदमी पार्टी पर इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों निशाना साध रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एबी 17 मथुरा रोड का दौरा किया, यह आवास दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित किया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्र ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड पर सीएम आवास के लिए उनका आवंटन रद्द कर दिया है।वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी के आरोपों को खारिज करते हुए पूछा कि उन्होंने 6 फ्लैगस्टाफ रोड पर कब्जा क्यों नहीं किया। उन पर और हमला करते हुए, दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि उस आवास में प्रवेश करने का मतलब आतिशी को 'शीश महल' की चल रही जांच में सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि आतिशी को आवंटित इस आवास से शीला दीक्षित ने 15 साल तक सरकार चलाई, तो आतिशी को 'शीश महल' क्यों चाहिए,

## 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर जेपीसी की हुई पहली बैठक, सूटकेस में सौंपी गई 18,000 पन्नों की रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली:** 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक में विपक्षी सदस्यों और भाजपा सांसदों ने कानून पर विचारों का आदान-प्रदान किया। 39-सदस्यीय जेपीसी की बैठक में भाग लेने वाले सांसदों ने विधेयकों के प्रावधानों और उन्हें निर्देशित करने वाले औचित्य पर कानून और न्याय मंत्रालय की एक प्रस्तुति के बाद अपने विचार व्यक्त किए और सवाल पूछे। जहां भाजपा सांसदों ने विधेयकों को देश के लिए जरूरी बताया, वहीं विपक्षी सदस्यों ने विधेयकों की आलोचना करते हुए दावा किया कि ये राज्यों के अधिकारों का उल्लंघन करेंगे।पहली बैठक के दौरान कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को राम नाथ कोविंद समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने कथित तौर पर सदस्यों को प्रस्तावित विधेयकों के प्रावधानों के बारे में भी बताया। बैठक के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की संख्या पर सवाल उठाया। बैठक के बाद समिति के सदस्यों को एक बड़े सूटकेस में 18,000 पन्नों से अधिक दस्तावेज सौंपे गए। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सूटकेस के साथ एक तस्वीर शेयर की। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, "'वन नेशन, वन इलेक्शन' (ओएनओई) पर जेपीसी को हजारों पन्नों की एक रिपोर्ट मिली है। ओएनओई जेपीसी की पहली बैठक आज हुई।" 18 दिसंबर, 2024 को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्र द्वारा लोकसभा में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश किया गया था।



## केजरीवाल का दावा, भाजपा के पंडित प्रकोष्ठ के कुछ सदस्य आप की सनातन सेवा समिति में शामिल हुए



एजेंसी

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ह्यपंडित प्रकोष्ठ के कुछ सदस्य उनकी पार्टी की सनातन सेवा समिति में शामिल हुए हैं।दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि आप में शामिल होने के लिए भाजपा के पंडित प्रकोष्ठ को छोड़ने वालों में विजय शर्मा, जितेंद्र शर्मा, बृजेश शर्मा, मनीष गुप्ता, दुष्यंत शर्मा और उदयकांत झा शामिल हैं।इस अवसर पर मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज सहित पार्टी के कई नेता शामिल थे। सोमवार को आप प्रमुख ने घोषणा की थी कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में एक बार फिर सत्ता में आती है तो वह ह्यपुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करेगी।उन्होंने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा किया। नए सदस्यों का स्वागत करने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यमुझे खुशी है कि हमने शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति शुरू की और अब हम अपने पुरोहितों के लिए भी यह क्रांति शुरू कर रहे हैं।

## माओवादियों के आत्मसमर्पण की सुविधा देने पर बीजेपी विधायक ने जताई चिंता, कहा- ये कदम एएनएफ को हतोत्साहित कर सकती है



एजेंसी

**कर्नाटक :** कर्नाटक भाजपा के महासचिव सुनील कुमार ने छह माओवादियों के आत्मसमर्पण की सुविधा देने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर चिंता जताई है। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए कुमार ने सरकार के कदम को वन नक्सलियों को शहरी नक्सली में बदलने के लिए बनाया गया एक पैकेज करार दिया। यह आत्मसमर्पण मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा माओवादियों से हथियार छोड़कर लोकतांत्रिक मुख्यधारा में शामिल होने की अपील के एक सप्ताह बाद आया है। छह व्यक्तियों, मुंदगारू लता, सुंदरी कुथलूर, वनजाक्षी बालेहोल, मारेप्पा अरोली (कर्नाटक), के वसंत (तमिलनाडु) और जीशा (केरल) ने आज मुख्यमंत्री के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। कुमार ने सरकार की पुनर्वास नीति की आलोचना करते हुए उसके समय और मंशा पर सवाल उठाया। क्या सिद्धारमैया नक्सलियों के करीब हैं, या जो लोग नक्सलियों के करीबी हैं वे उनके करीब हैं? उन्होंने आरोप लगाते हुए पूछा कि यह नीति नक्सल विरोधी बल (एएनएफ) को हतोत्साहित कर सकती है, जो वर्षों से वामपंथी उग्रवाद का मुकाबला कर रहा है। उन्होंने आगे दावा किया कि पिछले महीने उडुपी जिले में माओवादी नेता विक्रम गौड़ा की मुठभेड़ में हत्या के बाद आत्मसमर्पण किया गया था।

## नीतीश से समझौता का सवाल ही नहीं तेजस्वी यादव बोले- हम बिहार को नंबर वन राज्य बनाएंगे



एजेंसी

**पटना:** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से समझौते का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जेडीयू से गठबंधन का कोई मतलब नहीं है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से बार-बार इस बारे में सवाल किया जा रहा था, तो लोगों को ठंडाने के लिए उन्होंने ऐसे ही बोल दिया था। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार आने पर बिहार को वे नंबर वन राज्य बनाने का उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यात्रा पर निकले हैं। तीन-चार बार उनकी यात्रा का नाम बदला जा चुका है, यह प्रगति नहीं दुर्गति यात्रा है। पता नहीं सीएम किससे संवाद कर रहे हैं, कोई आम जनता नहीं है, वे सिर्फ चंद अफसरों से वे बात करते हैं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि सीएम की यात्रा पर दो अरब से ज्यादा रुपये खर्च किया जा रहा है। बिहार जैसे गरीब राज्य में सिर्फ संवाद के नाम पर इतना खर्च हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अभी तक बिहार को विशेष पैकेज या विशेष राज्य का दर्जा

## विधायक धीरेंद्र सिंह बोले, बार एसोसिएशन जेवर की गरिमा को और आगे बढ़ाने का होना चाहिए प्रयास




एजेंसी

**नई दिल्ली:** आज मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जेवर स्थित तहसील सभागार में आयोजित जेवर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस भावना से पीड़ित व्यक्ति अधिवक्ताओं के पास आता है, उसी प्रकार अधिवक्ताओं को भी, उस व्यक्ति की भावनाएं जिन्दा रखनी चाहिए, जिससे जब वह व्यक्ति वापस लौटकर जाए तो, वह भाव लेकर जाए कि मैं एक बैरिस्टर के पास से आया हूँ, जिसके माध्यम से अब मुझे न्याय मिल जाएगा? धीरेंद्र सिंह ने कहा कि आप सभी का ह्बार एसोसिएशन जेवरह्व की गरिमा को और आगे बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए। जेवर विधायक ने आगे बताया कि "मैंने जेवर क्षेत्र का, वह अंधकार भी देखा है, जहां खेती-बाड़ी के अलावा लोगों के जीवन यापन का कोई जरिया नहीं था। आज जेवर को पूरी दुनिया में जाना जा रहा है, जिसमें आप लोगों का बहुत बड़ा योगदान है। 2017 से पहले यह जेवर अंधकार में कहीं विलीन हो गया था, लेकिन आने वाले समय में, अब वही जेवर उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी बनने की तरफ तेजी से अग्रसर है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। सभी अधिवक्ताओं को पीड़ितों को सुगम और सुलभ न्याय दिलवाए जाने के लिए कानूनी जानकारियां हासिल करनी चाहिए।शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित जनपद गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने भी उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को आप सभी जानते ही हैं। हम सभी का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ गरीब से गरीब लोगों को न्याय दिलाना है। आज जेवर की चर्चा प्रदेश में ही नहीं अपितु विश्व पटल पर हो रही है।" जनपद गौतम बुध नगर की एडीजे श्रीमती प्रतिक्षा नागर ने भी सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि "यह जेवर जाबालि ऋषि के नाम से विख्यात है और जेवर में ही नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है। आज जेवर क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना चुका है।

# अपराध कर्मी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, जिसे पुलिस ने किया विफल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** बुधवार को डीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एएसपी संजय कुमार पांडे ने की। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि दिनांक 07 जनवरी 2025 को करीब 09:00 बजे सुचना प्राप्त हुआ कि कुख्यात अपराधकर्मी विरेन सदा उर्फ विरेन्द्र सदा पिता स्व रामाशीष सदा साकिन खेतापुर धर्मपुर, थाना सरायरंजन, जिला समस्तीपुर अपने घर आया हुआ है एवं कुख्यात अपराधकर्मी विकास झा के संपर्क में है तथा अपने गैंग को सक्रिय कर बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के सत्यापन के क्रम में बिहार एसटीएफ के टीम से सहयोग प्राप्त कर सूचना को सत्यापित करते हुए तत्काल कार्रवाई की गयी एवं विरेन सदा उर्फ विरेन्द्र सदा को एक मैगजीन सहित लोडेड देशी पिस्तौल, 05 जिंदा गोली, एक खाली मैगजीन एवं 01 रेडमी कंपनी के मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिस संबध में सरायरंजन थाना कांड संख्या 03/25, दिनांक 07 जनवरी 2025, धारा 25 (1- बी) ए/26/35 शस्त्र अधि० दर्ज है। अपराधकर्मी विरेन सदा उर्फ विरेन्द्र सदा लूट एवं डकैती गिरोह को संचालित करते है, जिनके द्वारा समस्तीपुर जिला के अन्य समीवर्ती जिला में भी कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। अन्य जिला से इनका अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। ये सक्रिय एवं पेशेवर अपराधकर्मी है। ये जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद जेल में बंद अपराधकर्मी के संपर्क में आकर अपने संगठन को पुनः संगठित कर रहे थे, लेकिन इनके प्रयास को विफल कर दिया गया। एएसपी ने बताया कि थानाध्यक्ष सरायरंजन थाना एवं टीम को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त कर्मी में विरेन सदा उर्फ विरेन्द्र सदा पिता स्व रामाशीष सदा साकिन खेतापुर धर्मपुर, थाना सरायरंजन, जिला समस्तीपुर का नाम शामिल है। एएसपी ने बताया कि पकड़े गये अपराध कर्मी के पास से एक पिस्तौल (मैगजीन सहित), एक खाली मैगजीन, 05 जिंदा गोली, एक रेडमी कंपनी का मोबाईल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में पु०अ०नि० प्रताप कुमार सिंह सरायरंजन थाना, स०अ०नि० धनंजय कुमार सरायरंजन थाना, सिपाही छोटेलाल कुमार थाना रिर्जव गार्ड, सिपाही पवन कुमार थाना रिर्जव गार्ड, बिहार एसटीएफ टीम को शामिल किया गया था।

# रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की पाँच प्रशिक्षु खिलाड़ी असम में आयोजीत राष्ट्रीय बिच हैंडबॉल प्रतियोगिता में करेगी बिहार का प्रतिनिधित्व



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**मैरवा ।**हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा असम में 10 जनवरी से 13 जनवरी 2015 तक आयोजित राष्ट्रीय सीनियर महिला बीच हैंडबॉल चैंपियनशिप में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की पांच खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम में हुआ है। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक सह निदेशक संजय पाठक ने बताया कि इनके चयन की सूचना हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान की महासचिव सलमा खातून के द्वारा पत्र जारी कर दी गई है ।चयनित सभी खिलाड़ी पिछले माह दिसंबर में गया में आयोजित राज्य स्तरीय चयन सह प्रशिक्षण शिविर में बेहतर प्रदर्शन किया था ।चयनित खिलाड़ियों में तान्या कुमारी मिश्रा,प्रतिभा कुमारी, सिंधु कुमारी, निक्की कुमारी और जुगनू कुमारी शामिल है ,जो सीनियर खिलाड़ी खुशबू के साथ असम के लिए रवाना हो गई ।चयनित सभी खिलाड़ियों को हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान के अध्यक्ष रवि शंकर पांडेय, संरक्षक रवि शंकर मिश्रा, सचिव सलमा खातून, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा, सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, राम इकबाल प्रसाद गुप्ता ,डॉक्टर रामजी चौधरी, डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर रिता सिंह ,डॉ विनय पांडेय, डॉ अशोक कुमार डॉ सत्य प्रकाश डॉ एम जे अकबर, आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा सहित कई खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# नीलम सहनी बनी उत्तरी क्षेत्र की जिला अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने समस्तीपुर में महिला को पहली दफा जिला अध्यक्ष बनाकर बहुत ही अच्छा काम किया है। भाजपा ने उत्तरी क्षेत्र से नीलम सहनी को जिला अध्यक्ष बनाया। महिला को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा परिवार में काफी खुशी देखी जा रही है। बताया जाता है कि नीलम सहनी को समस्तीपुर लोकसभा में पड़ने वाले समस्तीपुर, रोसड़ा, कल्याणपुर और हसनपुर क्षेत्र का प्रभार मिला है। इधर नीलम सहनी को उत्तरी क्षेत्र का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राम कुमार राय, वरीय भाजपा नेता विजय सिंह, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार, मो नईम हाशमी, वसंत पूर्वे, प्रवीण कुमार मुन्ना, संजीत राय, ठाकुर संग्राम सिंह, प्रसून कुमार, सुधीर पोद्दार, पलटन राम, अरमान पांडे, निलेश सिंह, मुकेश सागर, मनोज कुमार, मुकेश भास्कर आदि का नाम शामिल है।

## फुले-फातिमा के कृतित्व का सामूहिक पाठ कर मनायी जयंती

# महिलाओं पर बढ़ते हत्या, ब्लातकार, दमन, उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष तेज करेगी ऐपवा- बंदना सिंह



**ताजपुरसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर/समस्तीपुर 8 जनवरी 2025 अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ऐसोसिएशन (ऐपवा) के राज्यव्यापी अभियान सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख की जयंती 3-9 जनवरी तक को केंद्र कर बुधवार को प्रखंड के फतेहपुर में फुले- फातिमा की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद उनके कृतित्व का सामूहिक पाठ कर जयंती मनाई गई। मौके पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए ऐपवा जिला अध्यक्ष बंदना सिंह ने कहा कि आज भी महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक समझा जाता है। बेटे- बेटियों की शिक्षा में अंतर किया जाता है। घर से बाहर तक, खेत से कल-कारखाने तक महिलाओं का शोषण किया जा रहा है। एक ही काम का पुरूषों को अधिक तो महिलाओं को कम मजदूरी दिया जा रहा है। तमाम सरकारी तामझाम के बाबजूद महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन पर हत्या, अपराध, ब्लातकार, दमन, उत्पीड़न की घटनाएं घट रही है। शिकायत करने पर एक ओर उन्हें उत्पीड़क तंगोतबाह करने लगते हैं तो दूसरी ओर उल्टे पुलिस प्रशासन भी उन्हें प्रताड़ित करने लगती है। महिलाओं से संबंधित विकास योजना हो या कल्याणकारी योजना, सब भ्रष्टाचार के गिरफ्त में है। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली नीतीश- मोदी की राज्य एवं केंद्र सरकार में महिलाओं को कोई सुनने वाला नहीं है। आशा, रसोईया, जीविका, सेविका, ममता आदि को न्यूनतम मजदूरी भी सरकार नहीं दे रही है। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का फंड लौट रहा है। ऐसी स्थिति में संघर्ष की विरासत सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर महिला हित को लेकर संघर्ष तेज करना होगा।

एक प्रस्ताव पारित कर 9 जनवरी को पटना के गांधी मैदान में भाकपा-माले द्वारा आहूत बदलो बिहार महाजुटान रैली को बड़ी भागीदारी से सफल बनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुलेख कुमारी ने की। ललिता देवी, कौशल्या देवी, रामपरी देवी, भाकपा माले पंचायत सचिव मनोज कुमार सिंह, भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह समेत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# आपरेशन मुस्कान के तहत थानाध्यक्ष ने सौंपा गुम मोबाइल



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना परिसर में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुआ मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सौंपा गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने जानकारी दी ।

# राम मंदिर के स्थापना दिवस पर 11 जनवरी को मशरक में होगा भव्य कार्यक्रम



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के थाना परिसर अवस्थित राम जानकी शिव मंदिर परिसर में 11 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में महंथ टुन्ना बाबा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। मौके पर दर्जनों राम भक्त मौजूद रहें। महंथ टुन्ना बाबा ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में अराध्य श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें राम-जानकी शिव मंदिर परिसर में 11 जनवरी की सुबह सुंदर कांड पाठ का आयोजन, फिर भव्य शोभायात्रा और शाम में मंदिर परिसर में संध्या दीप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राम भक्तों की उपस्थिति रहेंगी।

# अर्जुन हत्याकांड के आरोपी के घर न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया



**प्रखंड संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**आजाद इदरीशी**

**हसनपुर (समस्तीपुर)।** थाना क्षेत्र के आतापुर में हुए अर्जुन हत्याकांड के आरोपी के घर न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया गया। मौके पर अपर थानाध्यक्ष रमेश कुमार, शिवकुमार, मंटू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। बताते चलें कि विगत 18 अप्रैल की रात थाना क्षेत्र के नवटोलिया में हुई हत्या के मामले में मृतक अर्जुन साह की पत्नी खुशबू देवी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस मामले में कई लोगों को नामजद आरोपित किया गया था। थाना क्षेत्र के नवटोलिया में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में अर्जुन साह की मौत हो गयी थी। इस घटना में तीन अन्य लोग भी घायल हो गये थे। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया था। घटना को लेकर बताया गया था कि बच्चों के विवाद के लेकर बात तूल पकड़ लिया। इसके बाद घर पर बैठे अर्जुन साह के सिर के पीछे गन्ना काटने वाले पलकटी से प्रहार किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला ही रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गयी। इस घटना में मृतक का भाई दिलीप साह, राम कुमार साह व मनीषा देवी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने हसनपुर - राजघाट मुख्य मार्ग को कुछ देर के लिए जाम करते हुए दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की थी।

# भारत के फूड व बेवरेज की गुणवत्ता को प्रदर्शित करने वाले ग्लोबल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन



**प्रखंड संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

के 8वें संस्करण का उद्घाटन केंद्रिय मंत्री आदरणीय श्री चिराग पासवान जी ने किया। कहा - 130 देशों के 1,800 एक्जिबिटर्स और प्रतिभागियों के साथ, हम ग्लोबल फूड एक्सपोर्ट पावरहाउस के रूप में भारत की भूमिका को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।स्वाद सीमाओं का मोहताज नहीं होत - भारतीय व्यंजनों में सीमाओं को पार करने की शक्ति है। आइए अपने खाने के विविध स्वाद को विश्व के कोने-कोने में ले जाएं और भारत के अद्वितीय व्यंजनों को दुनिया का एम्बेस्डर बनाएं। खाद्य सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इसलिए हम निर्यात को बढ़ावा देते हुए 100 नई फूड टेस्टिंग लैब और #त्रऋरअक के आगामी वैश्विक खाद्य विनियामक शिखर सम्मेलन 2024 के साथ सभी के लिए सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाला फूड सुनिश्चित कर रहे हैं, क्योंकि सुरक्षा और स्वाद एक दूसरे से जुड़े हुए होते हैं।प्रोसेस्ड फूड हमारा भविष्य है! इनकी बढ़ती मांग ही विकास की अपार संभावनाएं प्रदान करती है। आइए हम सभी साथ मिलकर #श्र'२३ईं१३ की दिशा में योगदान दें और भारत को प्रोसेस्ड फूड के निर्यात का अग्रणी देश बनाएं।

# प्रगति यात्रा को लेकर मशरक प्रखंड और अंचल कार्यालय परिसर में सन्नाटा



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सारण जिले के विभिन्न जगहों पर मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी ज़िले में लगीं हुई है जिसको लेकर मशरक प्रखंड और अंचल कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने कहा कि जिले के विभिन्न जगहों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तहत आए हैं जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगीं हुई है। वही प्रखंड और अंचल कार्यालय में कार्य के लिए आए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने की इनर व्हील के कार्यों की समीक्षा




**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर,**

छपराइनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट-325 की चेयरमैन डॉ० अलकनंदा बक्शी ने मंगलवार को छपरा का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान इनर व्हील क्लब छपरा के सदस्यों ने डॉ बक्शी का जोरदार स्वागत किया। इसी क्रम में सर्वप्रथम डॉ० अलकनंदा बक्शी ने लाल बाजार स्थित दलित बस्ती में बच्चों के अध्ययन एवं लोगों के बैठने हेतु नवनिर्मित्त चबूतरा व शेड का उदघाटन किया। अध्यक्ष वीणा शरण के डाक बंगला रोड स्थित आवास पर आयोजित आयोजन में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब के पदाधिकारियों के दायित्वों के सापेक्ष किये गए कार्यों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ बक्शी ने एडिटर राखी सिंह द्वारा निर्मित क्लब का छठा इ-बुलेटिन रिलीज किया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की उपस्थिति में इनर व्हील क्लब छपरा की अध्यक्ष वीणा सरन ने थाना रोड स्थित हनुमान मंदिर को सोलर लाइट, एक जरुरतमंद महिला को सिलाई मशीन और हैप्पी स्कूल अंतर्गत डीएवी स्कूल, गंडक कॉलोनी को बाथरूम, बेसिन, झुला, यूनिफार्म, खिलौने एवं स्टेशनरी किट दिया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ बक्शी ने क्लब के कार्यो की सराहना की एवं कहा कि सामाजिक दायित्व का पालन इनर व्हील क्लब छपरा ने बेहतरीन तरीके से किया है। इस अवसर पर पीडीसी गायत्री आयार्नी, अपर्णा मिश्रा, रानी सिन्हा, किरण सहाय, मधुलिका तिवारी, सरिता राय, करुणा सिन्हा, अनुराधा सिन्हा, शशि प्रभा सिन्हा, अलका जैन, मंजू सिंह, अनिमा सिंह, प्रिया पुनीत आदि उपस्थित थीं।

# छपरा थावे रेलखंड पर एस एच 73 पर मशरक में बनेगा आरओबी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

छपरा थावे रेलखंड पर मशरक जंक्शन के पास सिवान शीतलपुर एस एच 73 पर आरओबी का निर्माण कार्य किया जाएगा। कार्य का शिलान्यास छपरा से महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह की मौजूदगी में किया गया। बताया गया कि छपरा थावे रेलखंड के मशरक जंक्शन और श्याम कौड़ियां रेलवे स्टेशन के बीच मशरक जंक्शन के पास रेलवे ढाला 34 बी 2 पर आरओबी का निर्माण कराया जाएगा जोर पथ निर्माण विभाग बिहार के तरफ से 56 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। सरपंच बिनोद प्रसाद ने बताया कि एस एच 73 पर आरओबी बनने से इलाके के लोगों को बेहतर सहूलियत होगी। रेलवे ढाला बन जाने आने जाने वाले को ढाला बंद होने पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# कार्य में लापरवाही में स्वास्थ्य प्रबंधक और फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार और फार्मासिस्ट अरविंद कुमार से कार्य में लापरवाही पर स्पष्टीकरण की मांग की गयी हैं। जारी स्पष्टीकरण में प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि जिले के निर्देश पर 6 जनवरी को उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा भेजना था जबकि उस दिन आप दोनों ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। जो आपके कार्य में भारी लापरवाही हैं। इसलिए आप दोनों 24 घंटे के अंदर अपना अपना स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध कार्रवाई को जिले को लिखा जाएगा। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने सभी कर्मियों को चेतावनी दी कि जिसकी जहा ड्यूटी हैं वे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहें वहीं बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका निभाए। यदि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो जिले को लिखा जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बांटे कंबल, कहा- 'कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़'

# कार्यकताओं की परेशानियां दूर करने के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला है: डॉ. दिलीप जायसवाल

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- भाजपा में परिवारवाद नहीं, मेहनती कार्यकताओं को मिलता है सम्मान : डॉ. दिलीप जायसवाल
- भाजपा अध्यक्ष ने मंदिर में मां जगदंबा के दर्शन कर प्रदेश के कल्याण के लिए की प्रार्थना
- सैदपुर-बख्तियारपुर में कार्यकताओं के बीच पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, भव्य स्वागत
- ' पद लोलुपता नहीं, राष्ट्रहित सर्वोपरि' : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल





पटना, 8 जनवरी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज सैदपुर, बख्तियारपुर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह कंबल वितरण एवं भोज कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान उन्होंने कंबल का वितरण किया और कार्यकताओं के साथ भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने इस दौरान मेहनती कार्यकताओं की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकताओं को जोड़ने वाला सूत्र है , भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को शून्य से शिखर तक पहुंचाने वाले कार्यकर्ता ही होते हैं। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए एवं भाजपा की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा का अध्यक्ष कौन होगा, यह कोई नहीं जानता है, लेकिन कई अन्य दल हैं जहां अध्यक्ष की कुर्सी पर उनका बेटा ही बैठेगा, यह सबको पता है ।उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकताओं को सम्मान दिया जाता है, यह इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाएं और अलख जगाएं। हमारी भाजपा सुशासन की ओर ले जाने का कार्य कर रही है। देश में और भी कई पार्टियां हैं, लेकिन भाजपा सबका साथ, सबका विकास का कार्य करती है। भाजपा का कार्यकर्ता पद लोलुपता से काम नहीं करता है, वह तो राष्ट्रहित और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए कार्य करता है ।उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए कहा कि कार्यकताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं ।इससे पहले आज सैदपुर-बख्तियारपुर कार्यक्रम में जाने के क्रम में भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने माँ जगदम्बा स्थान मंदिर में देवी माँ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त बिहार के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मंदिर के समीप ही भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।इसी क्रम में नरौली मुखिया पति ललन सिंह द्वारा भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

## प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से आयोजित बैठक



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से आयोजित बैठक में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह , कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान , प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ शकील अहमद मौजूद रहे।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुशील मोदी की जयंती के मौके पर भाजपा चिकित्सा मंच ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

पटना, 8 जनवरी। श्रद्धेय सुशील मोदी की जयंती के अवसर पर सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा आहूत सेवा सप्ताह के तीसरे दिन आज पटना कंकड़बाग के मलाही पकड़ी गाँव में चिकित्सा मंच भाजपा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस जांच शिविर में 544 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और नेत्र रोगियों को चश्मा दिया गया। चिकित्सा शिविर में चर्चित चिकित्सकों द्वारा लोगों की न केवल जांच की गई बल्कि मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया।इस शिविर में भाजपा कार्यकताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं बल्कि सही अर्थों में यह समाज की सेवा करने का माध्यम है। भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यह करती रही है। आज स्वास्थ्य जांच शिविर भी ऐसी ही एक सेवा है। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री रेणु देवी, विधायक अरुण सिन्हा, स्व. सुशील मोदी की पत्नी जेसी मोदी, सुशील मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मृणाल झा, दीपक अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पूरे बिहार में आज सेवा सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## प्रशांत किशोर और बीपीएससी अभ्यर्थियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई निंदनीय,

### जन सुराज बिहार के युवाओं के लिए सत्याग्रह जारी रखेगा,

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ




**सीतामढ़ी** । जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष नवल किशोर राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पटना में पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के खिलाफ हुई कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। श्री नवल ने बताया कि प्रशांत किशोर बीपीएससी छात्रों के समर्थन में उनकी मांगों को लेकर गांधी मैदान में शांतिपूर्ण तरीके से 2 जनवरी से अनशन पर बैठे थे। 6 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे पुलिस ने अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर, बीपीएससी छात्रों और अन्य समर्थकों को बलपूर्वक अनशन स्थल से हटाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना देश के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। गांधी मूर्ति के नीचे अगर बैठ कर कोई सत्याग्रह कर रहा है तो इसमें क्या गुनाह है ? सरकार को इस बात का जवाब देना चाहिए। प्रशांत किशोर ने छात्रों की मांग मानने के लिए सरकार को दिए थे 2 दिन

श्री नवल ने आगे बताया कि जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर 2 जनवरी 2025 से लगातार आमरण अनशन पर हैं। बिहार में बीपीएससी परीक्षा में हुई धांधली और अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों के आंदोलन को समर्थन देते हुए प्रशांत किशोर सबसे पहले 29 दिसंबर को पटना के गांधी मैदान में छात्र संसद में शामिल हुए थे। छात्र संसद में ये निर्णय हुआ कि मार्च निकाला जाए। पुलिस ने छात्रों के मार्च को जेपी गोलंबर पर रोक दिया था। प्रशांत किशोर छात्रों के प्रतिनिधिमंडल और हजारों छात्रों के साथ इस मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। अधिकारियों ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को बिहार के मुख्य सचिव से मिलवाने का वादा किया और सभी छात्रों से मार्च को खत्म करने की अपील की। प्रशांत ने भी ये बात मीडिया और छात्रों के साथ साझा किया। इसके बाद प्रशांत और ज्यादातर छात्र वहां से लौट गए। इसके बाद पुलिस ने कायरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए कुछ बचे हुए सैकड़ों छात्र पर लाठियां बरसाई, पानी की बौछार की और उन्हें बेरहमी से पीटा। इस घटना से प्रशांत बेहद आहत हुए। हालांकि अगले दिन छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्य सचिव से मुलाकात की और अपनी बातों को रखा। प्रशांत ने 30 दिसंबर को कहा कि अगर सरकार 2 दिनों में छात्रों की मांगों पर विचार नहीं करती है तो वो खुद 2 जनवरी से बीपीएससी के छात्रों के साथ सत्याग्रह करेंगे। सरकार बीपीएससी छात्रों की मांगें नहीं मानी। इसके बाद 2 जनवरी से प्रशांत छात्रों के साथ पटना में गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे आमरण अनशन पर बैठ गए।

## तेजस्वी की दर्शन यात्रा मिस्टर इंडिया की 'गायब' की तरह है, बोलता तो है दिखता नही - मनोज शर्मा

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

पटना, 08 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि बिहार में सत्ता के लिए लालू परिवार ऐसे लार टपका रहा है जैसे उनके सामने कोई स्वादिष्ट व्यंजन हो। अभी लालू यादव के पूरे परिवार में एक मत नही है। लालू यादव माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को रिझाने में लगे तो, उनकी बहन मीसा भारती लालू जी और नीतीश जी को दोस्ती की दुहाई दे रही है। तेजस्वी यादव ऊपरी मन से विरोध जरूर कर रहे हैं लेकिन, वो ऐन-केन-प्रकारेण सत्ता में आना चाह रहे है। लेकिन, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के पास लालू परिवार एक दाल नही गली। उन्होंने दो टूक में जबाब दे दिया कि जो दो बार राजद के साथ गए थे वो जीवन की सबसे बड़ी भूल थी। अब ऐसा कभी नही होगा। श्री शर्मा ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव जी, आपके बारे में एक कहावत है नाम बड़े और दर्शन छोटे। आपकी दर्शन यात्रा भी छोटी दर्शन है। जिले में जाकर, चयनित लोगों से मिलकर, पिकनिक मनाकर निकल जा रहे है। वहां की जनता को 'मिस्टर इंडिया' की तरह 'गायब' दिखाई दे रहे है। उसी तरह से 'ये बोलता तो बहुत है दिखता नही है।' इसी तरह उनके विधानसभा क्षेत्र राघोपुर की जनता को भी ये मिस्टर इंडिया की तरह 'गायब' ही मिलते है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लालू यादव के परिवार में ज्ञानी और विद्वान लोगों की कद्र कभी नही रही है। जिन अधिकारियों का मजाक तेजस्वी यादव उड़ा रहे है वो देश की सबसे कठिन परीक्षा देकर वहां पहुंचे है।

## नेता प्रतिपक्ष ये सारे वादे करते हैं तो मुझे लगता है कि वे शायद भूल जाते हैं:चिराग पासवान

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जब बिहार के नेता प्रतिपक्ष ये सारे वादे करते हैं तो मुझे लगता है कि वे शायद भूल जाते हैं, हालांकि बिहार की जनता नहीं भूली कि एक लंबे समय तक राजद सत्ता में रह चुकी है। उन्हीं के परिवार के दो-दो सदस्य मुख्यमंत्री के पद पर रह चुके हैं , वो दौर हर व्यक्ति को याद है जब बिहार के युवा सबसे ज्यादा पलायन का शिकार हुए थे। आज भी आपको विश्व भर में बिहारी दिखते हैं तो ये वही बिहारी हैं जो 90 के दशक के जंगलराज से प्रताड़ित होकर बिहार छोड़ने पर मजबूर हुए थे। आज जब नेता प्रतिपक्ष बिहार में ऐसे वादे और ऐसी बातें करते हैं तो उन्हें एक बार वो दौर भी याद करना चाहिए। इसलिए कम से कम राजद को तो कोई बिहारी दोबारा मौका नहीं देने वाला ।इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## ऐतिहासिक होगा एनडीए का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झ्र चंदन कुमार सिंह



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

सीतामढ़ी । आगामी 17 जनवरी को सीतामढ़ी में आयोजित होने वाले एनडीए की जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुधवार को एनडीए के प्रमुख साथियों एवं कार्यकताओं की बैठक आहूत की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एनडीए के प्रदेश कार्यक्रम संयोजक एवं जनता दल यू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने कहा कि जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन भव्य और ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार के कामकाज से आम जनता काफी खुश है और जनता के अशीर्वाद से 2025 में फिर से नीतीश का संकल्प जरूर पूरा होगा।

मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू, सुरेन्द्र विवेक, राजेश रंजन, सुभाष सिंह चंद्रवंशी, विधायक मोतीलाल प्रसाद, पंकज कुमार मिश्रा, मिथिलेश प्रसाद, अनिल राम, दिलीप कुमार राय, विधान पार्षद रेखा कुमारी, पूर्व सांसद रामकुमार शर्मा, पूर्व विधान पार्षद बैद्यनाथ प्रसाद, पूर्व विधायक रामनरेश प्रसाद, पूर्व विधायक नगीना देवी, जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, लोजपा (रा) जिलाध्यक्ष ऋषिकेश झा, रालोमो जिलाध्यक्ष चंद्रिका पासवान, हम जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मांझी, जदयू प्रमंडल प्रभारी रोबिन कुमार सिंह, राणा रणधीर सिंह चौहान, राम पुकार सिन्हा, ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह, बबन कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार पटेल पीतांबर सिंह कुशवाहा हरिशंकर पासवान विजय कुमार पटेल प्रो.अमर सिंह, अरुण कुमार गोप, मनोज बैठा, राम आधार महतो, रामबली सिंह कुशवाहा, मोहन सिंह कुशवाहा, दिनकर पंडित, मो. संजीर अलम मंसूरी, शत्रुध्न यादव, सहित कई स्थानीय नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## बेला थानाध्यक्ष प्रभाकर के नेतृत्व में पांच बाइक के साथ पांच धंधेबाज शराब के साथ गिरफ्तार



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो अरमान अली

सीतामढ़ी । बेला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांच बाइक सवार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुमार प्रभाकर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के उसरैना बॉर्डर पर यह कारवाई की गई है। थानाध्यक्ष के अनुसार उनके मुखबिरों ने सूचना दी कि 5 से 6 बाइक सवार धंधेबाजो के द्वारा भारी मात्रा में नेपाल से शराब की डिलीवरी की जानी है। सूचना पर थानाध्यक्ष ने एक छापेमारी टीम गठित कर मुखवीरों के बताए मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान नेपाल की ओर से पांच बाइक सवार को आते देखा गया। पुलिस बलों को देख धंधेबाज बाइक घुमाकर भागने के क्रम में पुलिस बलों के द्वारा पकड़ लिया गया ।वपकड़े गए धंधेबाजों की पहचान परिहार थाना क्षेत्र के बबुरवन वार्ड 2 निवासी नाथु राय के पुत्र रामजपु, स्व. रामशरण राय के पुत्र मंजित कुमार नोनाही वार्ड 9 निवासी जीत सिंह के पुत्र सुजीत कुमार, नचारी राय के पुत्र छोटू कुमार व धामी टोल निवासी भोला साह के पुत्र श्रवण कुमार के रूप में की गई हैं। वहीं बीआर 06 ए 58 व आगे का घिसा नम्बर के ग्लैमर बाइक व उस पर लदी 70 लीटर शराब, बीआर 30 एक्स 86 अधूरे नम्बर के ग्लैमर बाइक से 66 लीटर, बीआर 06 एम 33 नंबर के बाइक से 63 लीटर, बीआर 30 ए 75 नंबर के बाइक से 64 लीटर, बीआर 30 एफ 97 नम्बर के बाइक से 66 लीटर शराब बरामद किया गया है। पकड़ाये उक्त पांचों व्यक्तियों से जप्त मोटरसाईकिल के संबंध में पूछताछ किया तथा कागजात की मांग किया तो उक्त पांचों व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि उपरोक्त सभी बाइक चोरी का है, जिसे हमलोग शराब ढ़ोने में इस्तेमाल करते है तथा उक्त पांचों व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति के द्वारा मोटरसाईकिल से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है। पुलिस ने बरामद शराब व बाइक को जब्त कर पांचों धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## 13 जनवरी को जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता नीतीश कुमार को काला झंडा दिखाएगी : वसीम राजा




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। बुधवार को जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रमणि प्रसाद सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों को बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग ( बीपीएससी ) की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर को बीते दिन गिरफ्तार करना घोर अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के छात्रों का समर्थन करना या उसके लिए आवाज बुलंद करना क्या अन्याय है। उन्होंने बताया कि जन सुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर अभी आईसीयू में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे नेता अस्पताल में भी अनशन किए हुए हैं और दिन प्रतिदिन उनका हालत बिगड़ता जा रहा है। इधर उप मेयर राम बालक पासवान ने बताया कि जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर लगातार सत्याग्रह पर छः दिनों तक रहे उसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई इसकी घोर निंदा करते हैं, उन्होंने बताया कि प्रशांत जी गंभीर स्थिति में हैं और उनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि उस अस्पताल में अपने संकल्प को लेकर अनशन जारी रखे हुए हैं। वही पूर्व जिला पार्षद वसीम राजा ने मीडिया कर्मियों को बताया कि बीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्रों के समस्या को लेकर प्रशांत किशोर ने अपना आवाज उठाया और उनका साथ दिया तो उनके साथ बिहार सरकार की पुलिस ने बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया तथा उनके साथ बदसलूकी की। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी को समस्तीपुर जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन है। उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें काला झंडा दिखाने का काम करेगी। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष चंद्रमणि प्रसाद सिंह, जन सुराज पार्टी के राज्य अभियान समिति सदस्य वसीम राजा, उप मेयर राम बालक पासवान, महिला सेल की जिला अध्यक्ष रीना देवी, राज कपूर सिंह, विजय कुमार, निरंजन ठाकुर, ओम प्रकाश, डॉ गोविंद कुमार आदि मौजूद थे।

## अलाव और कंबल वितरण की मांग को लेकर राजद ने डीएम को साफा मांग पत्र



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
साहिल अंसारी

**बेगुसराय** :राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने जिले में ठंड व शीतलहर लहर को देखते हुए अलाव जलाने पर कंबल वितरण की मांग को लेकर

7 जनवरी मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के शिष्य मंडल जिला अध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में बेगूसराय के जिला अधिकारी से मिलकर बेगूसराय सहित संपूर्ण बिहार,शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिले में पड़ने वाले सभी 217 ग्राम पंचायतों नगर परिषद के सभी वार्ड,नगर निगम के सभी वार्ड, सभी चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग जिला प्रशासन से किया है। मांग पत्र को ध्यान में रखते हुए जिला अधिकारी बेगूसराय ने आश्वासन देते हुए कहा कि मांग न्याय संगत है, हर गरीबों के बीच कमल वितरण किया जाएगा। और हर चौक चौराहे पर अलाव का व्यवस्था किया जाएग

## टीबी एक गंभीर संक्रामक बीमारी समय पर इलाज जरूरी : डॉ सुबोध

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- टीबी उन्मूलन में उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहे हैं डॉ सुबोध
- 2024 में डॉ सुबोध द्वारा 288 टीबी मरीज को किया गया चिन्हित



**सीतामढ़ी** । भारत सरकार द्वारा भारत को टीबी मुक्त करने हेतु प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। वहीं टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने हेतु निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। टीबी मुक्त भारत बनाने में जहां सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है, वहीं निजी प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर भी उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहे है। उन चुनिंदा डॉक्टर में एक प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ सुबोध कुमार महतो है। जिन्हें टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 2023 में तत्कालिन माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आलर्केर द्वारा सम्मानित किया गया था। राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल नई दिल्ली से एमडी डॉ सुबोध सोनबरसा प्रखंड के कचहरीपुर निवासी राम प्रगास महतो के पुत्र है, जो हॉस्पिटल रोड में स्थित आनंदी प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक है। बहुत कम समय में जिला के चिकित्सा जगत में अपनी अलग पहचान बना ली है ।डॉ सुबोध ने कहा कि टीबी उन्मूलन के कोशिश के बावजूद मरीजों में खास कमी नही आई है। उन्होंने बताया कि 2024 में मेरे द्वारा पांच जिला के 288 टीबी मरीज को चिन्हित कर इलाज किया जा रहा है। सबसे अधिक सोनबरसा के 68 मरीज चिन्हित कर इलाज किया जा रहा है। आंकड़े पर गौर करें तो डुमरा के 53, परिहार 34, बाजपट्टी 18, रीगा 17, परसौनी 14, बथनाहा 12, सुरसंड 10, मेजरगंज व रून्नीसैदपुर के सात सात, बेलसंड व सुप्पी के चार चार, बैरगीनिया 3, नानपुर 2, शिवहर जिला के 10, मुजफ्फरपुर के दो, मोतिहारी के 4, मधुबनी व दरभंगा के एक एक मरीज टीबी रोग से ग्रसित पाए गए, जिनका उपचार किया जा रहा है। वहीं 2023 में हमने 328 टीबी मरीज को चिन्हित कर इलाज किया। वहीं जून 2022 से दिसंबर 2022 तक क्लीनिक में इलाज कराने आये मरीजों में 141 टीबी के मरीज चिन्हित किये गये थे ।डॉ सुबोध ने बताया कि टीबी एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। टीबी की समस्या फेफड़ों से जुड़ा होता है। फेफड़े की टीबी से संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने के दौरान अगर कोई व्यक्ति उसके संपर्क में आ जाता है तो उसको भी टीबी से संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है। वैसे टीबी बैक्टीरिया दूसरे अंग को भी प्रभावित कर सकता है। शरीर के जिस हिस्से में टीबी होता है, उस हिस्से को नष्ट कर देता है। समय पर इसका इलाज आवश्यक है। फेफड़े से संबंधित एक टीबी मरीज लगभग 10 लोगों को संक्रमित कर सकता है। टीबी के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग व सामाजिक संगठनों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को सरकार द्वारा निःशुल्क दवा मुहैया कराने के साथ उन्हें छः महीने तक पांच सौ की राशि भी दी जाती है। वहीं मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने हेतु निक्षय मित्र योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को दवा के साथ पौष्टिक आहार लेना भी जरूरी है।

## युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर कर ली आत्म हत्या

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के चंचल मिश्र टोल के गनौर दास की 19 वर्षीय पुत्री मेघा कुमारी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि बीमार मेघा कुमारी का परिजनों के द्वारा सही से उपचार नहीं हो रहा था, जिससे वह परेशान होकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली। इधर जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वही स्थानीय पुलिस ने बताया कि यह मामला हत्या है या आत्म हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो जाएगा। इधर पूछे जाने पर युवती के पिता गनौर दास ने बताया कि मेरी पुत्री मेघा कुमारी का तबियत करीब दस दिन से खराब था।

# मुख्यमंत्री ने सारण जिले को 985 करोड़ रुपये की दी सौगात, 52 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

पटना, 08 जनवरी 2025 मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सारण जिले को लगभग 985 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 52 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 688.17 करोड़ रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 296.42 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत छपरा सदर प्रखंड के (एन०एच०-19) बिसेन टोला में बिशुनपुरा बाईपास पर (एन०एच०-19) लेफ्ट आउट छपरा पथ के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण तथा डोरीगंज बाजार से बिशुनपुरा तक प्रस्तावित एलिवेटेड पथ निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने 89.95 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एन०एच०-19 लेफ्ट आउट छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य,



40.53 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित खेरा बीनटोलिया पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत 701.26 करोड़ रुपये की लागत से छपरा, एन०एच०-31, बलिया मोड़ मांझी-दरौली-गुठनी, (एन0एच0-227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी पथों के कार्यों में तेजी लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करें। यह काफी महत्वपूर्ण पथ हैं। इनके बन जाने से आवागमन सुचारु होगा, लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने 655 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल छपरा, सारण का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के शैक्षणिक भवन का निरीक्षण कर व्यवहारिक प्रयोगशाला, कौशल प्रयोगशाला आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के ओ०पी०डी०, रजिस्ट्रेशन काउंटर और परामर्श कक्ष का भी जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से यहां अस्पताल का निर्माण हो गया है। इससे छपरा एवं आसपास के लोगों को इलाज कराने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में पढ़ाई के साथ-साथ मरीजों का इलाज भी किया जायेगा। इसके फंक्शनल हो जाने से मुझे बहुत खुशी हो रही है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रांगण में मुख्यमंत्री ने सारण जिला के विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री ने सारण जिले के गड़खा प्रखंड स्थित ग्राम महमदा में जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत सौंदर्यीकृत किये गये तालाब, (पेवर ब्लॉक पाथ-वे, छठ घाट), मनरेगा के तहत निर्मित ग्रामीण घाट और खेल मैदान का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब के चारो तरफ सीढ़ीनुमा घाटका निर्माण करायें। हमलोग वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान का शुरूआत कर सभी सार्वजनिक कुओं, तालाबों, पोखरों आदि का सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार करा रहे हैं ताकि जल संरक्षित रहे। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 6326 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 75912 परिवारों को बैंक ऋण।

## मशरक एकमा और एकमा डुमाईगढ़ पथ का होगा चौड़ीकरण




प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने एकमा-मशरक पथ का चौड़ीकरण वं मजबूतीकरण इस को पथ की चौड़ाई 7 मीटर वं लागत लगभग 90 करोड़ और एकमा-डुमाईगढ़ पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण इस पथ की चौड़ाई 5.5 मीटर वं लागत लगभग 40 करोड़ से बनवाने की स्वीकृत दी इसकी जानकारी महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने और विकास को गति देने के उद्देश्य से की जा रही है।

# पत्रकार चांद बाबू को पितृ शोक, पत्रकारों ने शोक जताया, नमाजे जनाजा आज

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के जानेमाने पत्रकार व वारिसनगर ब्लॉक के अंतर्गत सतमलपुर पंचायत के बड़ीबाग वार्ड संख्या 10 निवासी मो चांद बाबू के वालिद (पिता) मो मुख्तार 50 वर्ष का बुधवार को अहले सुबह इंतकाल (निधन) हो गया। पत्रकार के वालिद कुछ दिनों से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह उन्होंने आखरी सांस ली। इधर उक्त खबर की आम होते ही पत्रकारिता जगत में गम (शोक) की लहर दौड़ गई। मरहूम के नमाजे जनाजा जुमेरात (वृहस्पतिवार) को बाद नमाज जोहर 2 बजे दिन में उनके आबाई गांव सतमलपुर में अदा की जाएगी। इधर पत्रकार के पिता के निधन होने पर



शोक जताने वाले पत्रकारों में एम नईमुद्दीन आजाद, संजय राजा, विभूति कुमार, सैयद मंजर जमील, मो नसीम, आलोक कुमार, मो अफजल, चंदन कुमार, राजेश कुमार, ललन कुमार, कैसर खां, दिलीप कुमार कुंदन, यशवंत कुमार, चुन्नू कुमार, प्रमोद कुमार, मो कुद्दूस जैन के अलावा पूर्व जिला पार्षद वसीम राजा, सोएब आजम, बेलाल राजा, शंभू ठाकुर, तरमीम खान, मो समी, मो समीम, लाल बाबू, मो तनवीर, मो आजाद, मो रेयाज आदि का नाम शामिल है।बुधवार की सुबह उन्होंने आखरी सांस ली। इधर उक्त खबर की आम होते ही पत्रकारिता जगत में गम (शोक) की लहर दौड़ गई। मरहूम के नमाजे जनाजा जुमेरात (वृहस्पतिवार) को बाद नमाज जोहर 2 बजे दिन में उनके आबाई गांव सतमलपुर में अदा की जाएगी।

# डीएम ने जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनी

**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** डीएम रिची पांडेय ने रीगा प्रखंड के रेवासी पंचायत के पंचायत भवन में आयोजित जनता दरबार में उपस्थित आवाम से उन्होंने संवाद स्थापित किया।उपस्थित
लोगों से उन्होंने फीडबैक भी ली तथा उनकी समस्याओं को सुना।समस्याओं के निराकरण के निमित उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनता दरबार में अधिकांश मामले भूमि विवाद, आपूर्ति, पेंशन, अतिक्रमण, पीएचइडी स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं आईसीडीएस से संबंधित थे। आम जन से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन ससमय करने का निर्देश अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। आरटीपीएस काउंटर का सही संचालन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण




करना सुनिश्चित करें। लगातार फील्ड विजिट करें।केंद्रों पर सेविका सहायिका की उपस्थिति सुनिश्चित करें। जनता दरबार में इसके अतिरिक्त डोर टू डोर कचरा उठाव ,स्वच्छता पोषाहार वितरण, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, पी एच ई डी इत्यादि विभागों से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी सजग होकर निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि समय-समय पर उनके द्वारा स्वयं औचक निरीक्षण किया जाएगा। कार्य में कोताही परिलक्षित होने पर विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।मौके पर जिला भुअर्जन पदाधिकारी विकास कुमार, एडीएम आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडेय, डीपीआरओ कमल सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, बीडीओ/सी ओ, सीडीपीओ रीगा के साथ सभी विभागों के जिलास्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीवान 8 जनवरी 25 वार्ता डॉ विजय कुमार पांडे

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रधान जिला जज ने थानाध्यक्ष पर लगाया बीस हजार रुपये का जुमार्ना दरौंदा थानाध्यक्ष को 20 जनवरी 25 को सदेह उपस्थित होने का आदेश

प्रधान जिला न्यायाधीश मोतीश कुमार की अदालत ने अग्रिम जमानत की एक याचिका पर सुनवायी करते हुए दरौंदा थानाध्यक्ष पर बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड का भुगतान करने का आदेश दिया है।साथ ही आगामी20 जनवरी 25 को न्यायालय में सदेह उपस्थित होने कोआदेश दिया है।

न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दारौंदा थाना कांड संख्या375/2023 के आरोपी भगेलु राय ने प्रधान जिला न्यायाधीश के न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका दायर किया था। अग्रिम जमानत की आज का पर सुनवाई करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश ने संबंधित थाने से केस डायरी एवं आरोपी के आपराधिक इतिहास का विवरण मांगा था। परंतु दरौंदा थाना अध्यक्ष ने पिछले चार तिथिओं से न्यायालय के उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया ।इसी मामले की सुनवाई करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश ने दरौंदा थानाध्यक्ष के

**प्रधान जिला जज ने थानाध्यक्ष पर लगाया बीस हजार रुपये का जुमार्ना दरौंदा थानाध्यक्ष को 20 जनवरी 25 को सदेह उपस्थित होने का आदेश**

विरुद्ध प्रति निर्धारित तिथि 5 हजार रुपए का दण्ड के भुगतान का आदेश दिया है।इस तरह से कुल चार तिथिओं के लिए बीस हजार रुपये के भुगतान का आदेश दिया है।न्यायालय ने उक्त दंड की राशि को पीड़ित प्रतिकार अधिकोष में जमा करने का आदेश दिया है । न्यायालय ने आगामी 20 जनवरी 2025 को दरौंदा थानाध्यक्ष को न्यायालय में सदेह उपस्थित होने का भी आदेश दिया है।

# डीएम ने की गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मीटिंग

**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के मद्देनजर जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में स्थानीय विमर्श सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे।बैठक में मुख्य समारोह स्थल तथा अन्य स्थलों पर साफ-सफाई ,प्रभात फेरी, झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान , खेलकूद कार्यक्रम को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स- समय अपने उतरदायित्वो का निर्वहन करने का निर्देश दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर डुमरा परेड मैदान(मुख्य कार्यक्रम स्थल) 9:00 बजे पूर्वाह्न में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जाएगा। परेड के साथ साथ मार्च पास्ट कार्यक्रम संपन्न होगा जिसमें जिला सशस्त्र पुलिस ,जिला गृह रक्षा वाहिनी सहित बीएमपी ,सशस्त्र सीमा बल, महिला बल के प्लाटून के द्वारा परेड तथा मार्च पास्ट किया जाएगा। 10 बजे पूर्वाह्न में समाहरणालय सीतामढ़ी में झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यलयों में निर्धारित समय पर झंडोतोलन का कार्य संपन्न होगा। परेड का पूर्वाभ्यास 18 जनवरी से शुरू किया जाएगा।24 जनवरी को 9:00 बजे पूर्वाहन में अंतिम पूवार्भास किया जाएगा। गणतन्त्र दिवस को लेकर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, नजारत उप समाहर्ता,नगर आयुक्त को विशेष निर्देश दिए गए ।बैठक में समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं ध्वजारोहण, सुरक्षा व्यवस्था सफाई , जलापूर्ति व्यवस्था, समारोह स्थल पर चिकित्सक दल की व्यवस्था से संबंधित निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। वही यातायात प्रबंधन के दृष्टिकोण से यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि गणतंत्र दिवस के दिन पुलिस अधीक्षक से विमर्श कर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की व्यवस्था करेंगे। चिन्हित महादलित टोला में पदाधिकारियों के समक्ष झंडा तोलन कार्य किया जाएगा।वही गणतंत्र दिवस के अवसर फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों यथा :- ग्रामीण विकास विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग ,कृषि तथा मद्द निषेध विभाग ततथा अन्य विभागों द्वारा झांकियां भी निकाली जाएंगी। बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व संदीप कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार धनन्जय,जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार




## जिला में स्वास्थ्य, शिक्षा में सुधार हेतु कार्यशाला आयोजित

**मो.सदरे आलम नौमानी**



**सीतामढ़ी:** सीतामढ़ीः जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में परिचर्चा भवन सीतामढ़ी में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें बैरगनिया, सुप्पी, मेजरगंज, रीगा, बेलसंड, परसौनी, बथनाहा, सुरसंड तथा डुमरा प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, चयनित 40 पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिवों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में सुधार के लिए सशक्त बनाना है।पिरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक प्रभाकर कुमार और प्रोग्राम लीड दुर्गा प्रसाद सिंह, रोहित कुमार और अभिषेक राज, बिक्रम कुमार ने इस कार्यशाला में ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में सुधार के लिए की जाने वाले विशेष पहल, जो कि एनीमिया मुक्त पंचायत, होम डिलीवरी मुक्त पंचायत, फाइलेरिया मुक्त पंचायत, ड्रॉप आउट मुक्त पंचायत, परिवार नियोजन युक्त पंचायत आदि पहल को लेकर संबोधित किया।

# ठंड को देखते हुए फिर से सरकारी और गैर सरकारी स्कूल में पठन पाठन बंद रखने का आदेश ,11 जनवरी तक बंद रहेंगे '



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीवान 8 जनवरी बुधवार ' जिले में ठंड अधिक होने के वजह से जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने आदेश जारी कर 11 जनवरी तक जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल में पठन पठान वर्ग एक से आठ तक बंद रखने का आदेश जारी किया है 'और शिक्षक अपने अपने स्कूल में उपस्थित रहकर आपार आईडी और खेलेगा बिहार खिलेगा बिहार में भाग लेने वाले स्टूडेंट का पंजीकरण का कार्य करेंगे, और अपनी उपस्थिति इ शिक्षा पोर्टल पर पूर्व के निर्धारित समय अवधि में दर्ज करेंगे

# अपराध कर्मियों ने किराना दुकान में की लूट, जल्द ही पकड़े जाएंगे अपराध कर्मी : डीएसपी टू



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। डीएसपी टू विजय महतो ने मीडिया कर्मियों को जानकारी एवं पुष्टि करते हुए बताया कि दिनांक 06 जनवरी 2025 को संध्या करीब 07:00 बजे मथुरापुर थाना अन्तर्गत महामाया किराना स्टोर बाजार समिति समस्तीपुर - दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग में 05 की संख्या में आये अपराधकर्मियों के द्वारा हथियार के बल पर दुकानदार से 65 हजार रुपए एवं गले से सोने का चैन लेकर फरार हो गया। उक्त घटना की जानकारी वादी के द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2025 को रात्रि करीब 10 बजे थानाध्यक्ष मथुरापुर थाना को दी गई। सूचना प्राप्ति उपरांत थानाध्यक्ष, मथुरापुर थाना द्वारा कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दी गई हैं। घटना से संबंधित आसपास के सभी बिन्दुओं पर गहनता से जाँच की जा रही हैं। इतना ही नहीं सीसीटीवी फूटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाकपा माले कार्यकताओं ने जिला अभियंता का किया पुतला दहन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** भाकपा माले ने बुधवार को उजियारपुर प्रखंड के अंगारघाट पंचायत भवन पर समस्तीपुर जिला परिषद के जिला अभियन्ता का पुतला दहन कर पंचायत कमिटी सचिव समीम मंसूरी की अध्यक्षता में प्रतिरोध सभा किया। प्रतिरोध सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य महावीर पोद्दार ने कहा कि बिना स्थल निरीक्षण के जिला अभियंता ने योजना की तकनीकी स्वीकृति देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अंगार पंचायत के वार्ड संख्या 07 में जिला परिषद योजना से किया जा रहा नाला निर्माण हजारों लीटर गन्दा और बदबूदार पानी का मात्र हौज बनेगा जिससे दलित और महादलित




टोला में मलेरिया, फाइलेरिया और डेंगू की बिमारी ही नहीं फैलेगी बल्कि नाला से निकलने वाली बदबू से जन जीवन भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना जिला पार्षद अमृत चौधरी अपने होटल और मकान के शौचालय के हजारों लीटर गन्दा और बदबूदार पानी निकालने के लिए व्यक्तिगत हीत में बनाया जा रहा है। उन्होंने जिला परिषद से कराये जा अनियमितता पूर्ण तरीके से और व्यक्तिगत हीत नाला निर्माण कार्य की जिला समाहर्ता समस्तीपुर से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। सभा को संबोधित करते हुए समीम मंसूरी ने कहा जिला पार्षद अमृत चौधरी अपने मां के घर से अपने भाई के खेत तक नाला निर्माण कर लाखों रुपए डकार जाना चाहता है और आम ग्रामीणों को बिमारी में झोंक देना चाहता है। सभा को खेग्रामस प्रखंड सचिव तनंजय प्रकाश, राजद के राम नारायण राय, विभा देवी, राम सगुण सिंह, मो शकुर, हरिकांत गिरि, मो जसीम, मो ताजउद्दीन खान, दामोदर पासवान, मो अब्दुल सलाम, गोपाल दास, शंभू राय, नीतिश कुमार राय, भरत दास आदि ने संबोधित किया।

## बेहतर करियर चाहिए तो इन बातों का रखें ध्यान, कामयाबी कदम चूमेगी !

एक अच्छा करियर ऑप्शन बेहतर भविष्य की सीढ़ी की तरह होता है. अच्छे परफॉर्मेंस की रेस और बोर्ड परीक्षा में स्कोर करने के लिए एक छात्र को कितनी मेहनत करनी पड़ती है, इसका फल तभी मिलेगा जब वह सही करियर का रास्ता चुने, लेकिन इसे कैसे किया जाए, यह एक बड़ा सवाल बन जाता है. आइए आज हम आपको ऐसे जरूरी टिप्स के बारे में बता रहे हैं जो 12वीं क्लास पास करने के बाद एक बेहतर करियर विकल्प चुनने में आपकी मदद कर सकते हैं.

### सोचकर रिसर्च करें

12वीं क्लास के बाद अपना करियर चुनने से पहले अपनी रूचि पर ध्यान दें. अब जब आपकी बोर्ड परीक्षा खत्म हो चुकी है, तो उस विशेष विषय के बारे में सोचें जो आपको सबसे ज्यादा पसंद हो. आप साइंस स्ट्रीम, कॉमर्स या ह्यूमैनिटीज में हो सकते हैं लेकिन एक ऐसा विषय होना चाहिए जिसे आप खुद से पढ़ते हों, उस एक विषय को ढूंढते हैं और जानकारी जुटाते हों. सबसे पहले उस विषय के बारे में सोचें और तब भविष्य में उस ऑप्शन के स्कोप पर विचार करें और रिसर्च करें.

### सलाह भी जरूरी है

अगर आप किसी खास विषय में करियर बनाने का मन बना रहे हैं. उस विषय में आगे बढ़ने से पहले अपने माता-पिता, दोस्तों, आस-पड़ोस के शिक्षित लोगों और अपने टीचर से बात करें. उनकी सलाह ले सकते हैं. जो भी डाउट्स हैं उन्हें क्लियर करें और तब करियर का चुनाव करें.

### कोर्स से जॉब तक के लिए मार्केट रिसर्च करें

करियर का चुनाव करने से पहले मार्केट रिसर्च अच्छा ऑप्शन है. आप जिस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी ले लें जैसे उसकी पढ़ाई कहां-कहां से हो सकती है, कहां कितनी फीस ली जा रही है, उस कोर्स के बाद क्या और कहां जॉब ऑप्शन्स हैं, फ्यूचर में इसका कितना स्कोप है आदि.

### भेड़ चाल से बचें

अकसर छात्र दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य से इन्फ्लुएंस होकर भेड़ चाल यानी दोस्तों के पीछे-पीछे बेहतर करियर की तलाश में निकल पढ़ते हैं. कई बार ये आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन इससे अच्छा है कि आप खुद पर विश्ववास रखें और अपनी योग्यता, क्षमता, रूचि और ज्ञान के आधार पर सही करियर का चुनाव करें.

### पसंद-नापसंद की लिस्ट बनाएं

उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिन्हें आप पसंद और नापसंद करते हैं. उदाहरण- आपको कौन से विषय सबसे ज्यादा पसंद हैं, क्या आप आर्ट्स में रुचि रखते हैं, क्या आप साहसी हैं, क्या आप कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग आदि में रुचि रखते हैं. अपनी पसंद और नापसंद के आधार पर अपने लिए सही करियर चुनें.

### शॉर्ट-टर्म कोर्स कर सकते हैं

अगर आप किसी विषय में परफेक्ट हैं और उसी से संबंधित फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो शॉर्ट टर्म कोर्स भी अच्छा ऑप्शन है. इन दिनों कई टॉप कॉलेज छात्रों के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में एडमिशन देते हैं. आपको सिर्फ थोड़ा सर्च करने की जरूरत है.




## नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल

आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखें

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

### इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत

नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है। नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जाकर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढ़ना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुनकर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।




## कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस

स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

### पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लाइंट को ढूंढ़ना होगा और उनको डील करानी होगी।

### आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

### ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।

### मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ात्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।

## एजुकेशन लोन डिफॉल्ट छात्रों का क्रेडिट स्कोर हो सकता है खराब

सब्सिडी या कम ब्याज पर दिए गए एजुकेशन लोन में बढ़ रहे डिफाल्ट के मामलों के बारे में क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी सिबिल कहा कि इस तरह की डिफॉल्ट हिस्ट्री छात्रों के क्रेडिट स्कोर पर विपरीत असर डाल सकती हैं जो कि उनकी ओर से भविष्य में लिए जाने वाले किसी अन्य लोन में मुसीबतें पैदा करेगा।

कम राशि में डिफॉल्ट के मामले ज्यादा

सिबिल ने बताया कि एजुकेशन लोन पर इस तरह के डिफॉल्ट मामले करीब 5 फीसदी हैं, जिनमें 90 दिनों से ज्यादा का ड्यूज है। कम ब्याज दरों पर 4 लाख से कम राशि के लोन के डिफॉल्ट के मामले (8.1 फीसदी) लंबी राशि के लोन के मुकाबले ज्यादा हैं। अन्य श्रेणियों के लिए तुलनात्मक डिफॉल्ट दरें हैं, 4 से 5 लाख के लिए 48 फीसदी और 5 से 15 लाख के लिए 2.1 फीसदी। वहीं 15 लाख के ऊपर की राशि के बड़े लोन पर डिफॉल्ट के मामले करीब 1 फीसदी हैं।

क्या होता है क्रेडिट स्कोर

आपका क्रेडिट स्कोर दरअसल आपकी ओर से पूर्व में लिए गए लोन और उसके चुकाने का ब्योरा भर होता है। बैंक आपके लोन की अर्जी को आपका क्रेडिट स्कोर चेक करने के बाद ही मंजूर करता है। अगर, अपका क्रेडिट स्कोर बेहतर है तो बैंक आपको आसानी से लोन मुहैया करा देते हैं।

क्या होता है क्रेडिट स्कोर और इसे कौन देता है

क्रेडिट स्कोर तीन अंको की एक संख्या होती है, जो 300 से 900 के बीच होती है। क्रेडिट स्कोर जितना अधिक होता है, उसे उतना ही बेहतर माना जाता है। एक डिफॉल्ट करने पर भी क्रेडिट स्कोर कमजोर हो सकता है। 79 फीसदी व्यक्तिगत लोन 750 से ज्यादा के स्कोर पर ही अप्रूव किए जाते हैं। क्रेडिट इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड क्रेडिट स्कोर देता है।

घर बैठे चेक करें अपना क्रेडिट स्कोर

आप सिबिल की वेबसाइट पर जाइए। यहां आपको एक फॉर्म भरना होगा। आपको शुल्क के रूप में 470 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके बाद ऑथेन्टिकेशन के लिए आपसे पांच सवाल पूछे जाएंगे जिनमें से कम से कम तीन सवालों के सही जवाब आपको देने ही होंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आप अपना क्रेडिट स्कोर देख सकते हैं।



# नए साल में कमाई के मामले में मस्क से भी आगे निकल गए कई रईस

**फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर**

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में पिछले साल 203 अरब डॉलर की तेजी आई थी। अब 437 अरब डॉलर की नेटवर्थ से साथ अब भी नंबर बने हुए हैं। लेकिन नए साल में कमाई के मामले में कई रईस उनसे आगे निकल गए हैं। मस्क की नेटवर्थ में इस साल अब तक 5.05 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक जकरबर्ग की नेटवर्थ में 8.86 अरब डॉलर की तेजी आई।

इस साल उनकी नेटवर्थ 15.4 अरब डॉलर बढ़ी है। वह 223 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग की नेटवर्थ इस साल 12.7 अरब डॉलर बढ़ी है जबकि चेंगपेंग झाओ की नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 7.63 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 246 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

लैरी पेज की नेटवर्थ में इस साल 5.98 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 5.58 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह माइकल डेल की नेटवर्थ 4.54 अरब डॉलर बढ़ी है। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के कारण मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट आई। अंबानी की नेटवर्थ में 2.59 अरब डॉलर और अडानी की नेटवर्थ में 3.53 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडानी इस साल 4.21 अरब डॉलर गंवा चुके हैं जबकि अंबानी ने 11.9 करोड़ डॉलर गंवाए।

# महंगाई की वजह से कंपनियों ने किया पैकेट का आकार छोटा

**- अब 10 रुपए का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा, लेकिन कीमत वही**

**नई दिल्ली ।**

महंगाई को देखते हुए एफएमसीजी कंपनियों ने प्रोडक्ट के पैकेट का साइज कम कर दिया है। अब 10 रुपये का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा हो गया है, लेकिन कीमत वही रखी गई है। इस बदलाव के पीछे महंगाई और उपभोक्ता की बजट से बाहरी कीमतों का असर है। उच्च महंगाई ने स्नैक्स, साबुन और चाय जैसी चीजों की कीमतें बढ़ा दी है, जिसके कारण कंपनियां बजट से बाहर होने के दर से उपभोक्ता के लिए सस्ते पैकेट उपलब्ध करा रही हैं। विश्लेषकों ने कहा कि चालू तिमाही में कुछ कंपनियां कीमतों में और बढ़ोतरी कर सकती हैं। मैरिको के एक अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि वह प्रोडक्ट्स की कीमत में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं। कमजोर शहरी मांग के कारण एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रही है। वहीं अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण बाजार बढ़ रहे हैं। हालांकि, सुधार धीरे-धीरे हो रहा है और अकेले शहरी मंदी की भरपाई नहीं कर सकता। उच्च कमोडिटी मुद्रास्फीति का मतलब है कि कंपनियों के पास खपत बढ़ाने के लिए कीमतें कम करने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक



विश्लेषक ने कहा कि अगर उपभोक्ता 1 किलो चाय और मल्टी-पैक साबुन खरीदने की जगह 500 ग्राम चाय पैक और एक या दो साबुन खरीदने लगते हैं तो यह निश्चित रूप से कंपनियों की तिमाही वॉल्यूम वृद्धि को प्रभावित करेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने ताबड़तोड़ सोना खरीदकर अपना भंडार बढ़ाया

**आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा**




**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की खरीद ताबड़तोड़ बरकरार रखी है। आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा है, जो चीन के खरीद से भी अधिक है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में कुल 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें से आरबीआई का 8 टन सोना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार संभावित अनिश्चितताओं के माहौल में केंद्रीय बैंकों ने इस सुरक्षित संपत्ति का महत्व समझकर सोने के खरीदार बने रहे हैं। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने 53 टन सोना बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने अपने भंडार में और 8 टन सोना जोड़कर इस वर्ष की खरीद की मात्रा 73 टन हो गई है। आरबीआई के साथ पोलैंड के केंद्रीय बैंक एनबीपी भी दूसरे स्थान पर है, जो नवंबर में 21 टन सोना खरीदकर अपने भंडार में जोड़ता गया है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं पर ध्यान देने के साथ उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों का उत्कृष्ट सोने की खरीद सतत कर रहा है, जो आर्थिक संसाधनों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद कर सकता है। यह एक बड़ी चेतावनी है कि अर्थव्यवस्था में किसी भी आपात स्थिति में, सिर्फ सोना ही है जो संभाल सकता है।

# 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही सैमसंग




**मुम्बई ।**

जल्द ही आपको सैमसंग की गैलेक्सी डिवाइसेज में 500 मेगापिक्सल का कैमरा सेंसर देखने को मिल सकता है। कंपनी अभी 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही है। इसके साथ ही सैमसंग आईफोन 18 सीरीज के लिए भी थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर डिवेलप कर रहा है।

यह जानकारी टिपस्टर ने एक एक्स पोस्ट में दी। माना जा रहा है कि कंपनी 500 मेगापिक्सल का कैमरा गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में ऑफर कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सैमसंग स्मार्टफोन फोटोग्राफी में बाकी कंपनियों से काफी आगे निकल सकता है। अफवाह है कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में कंपनी जबर्दस्त इमेजि प्रोसेसिंग ऑफर करने वाली है, जो हाई-रेजॉलूशन सेंसर के आउटपुट को और बेहतर बनाएगा। कंपनी अपने डिवाइसेज के अलावा ऐपल के लिए थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस सेंसर का पीडी-टीआर- लॉजिक कॉन्फिगरेशन मोजूदा आईफोन्स में ऑपर किए जा रहे सोनी के एक्समोर आरएस इमेज सेंसर की परफॉर्मेंस से काफी बेहतर होगा। आईफोन 18 सीरीज के डिवाइस पहले ऐपल स्मार्टफोन हो सकते हैं, जिनमें सैमसंग का सेंसर ऑफर किया जा सकता है।

इसमें 1/2.6 इंच की साइज वाला 48 मेगापिक्सल का सेंसर भी शामिल हो सकता है। अफवाहों के अनुसार आईफोन 18 सीरीज में कंपनी मेन कैमरा के लिए वैरिएबल अपर्चर टेक्नोलॉजी ऑफर कर सकती है। इसकी मदद से यूजर अलग-अलग लाइटिंग कंडीशन में अपर्चर को बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अडस्ट कर सकेंगे। बताते चलें कि ऐपल अपनी आईफोन 18 सीरीज में नेक्स्ट जेनरेशन ए20 चिपसेट ऑफर कर सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खाताधारकों को मिली बड़ी राहत

**- गलत तरीके से पैसा कटा तो बैंक होगा जिम्मेदार**

**नई दिल्ली ।**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें उन्होंने खाताधारकों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी ग्राहक के खाते से अनधिकृत और धोखाधड़ी वाला ऑनलाइन लेनदेन होता है, तो उसे तीन दिनों के भीतर रिजर्व बैंक को शिकायत दर्ज करानी होगी। इस मामले में बैंक को ग्राहक को नुकसान की राशि की भरपाई करनी होगी। इस फैसले से ग्राहकों को सुरक्षा और विश्वास भी मिलेगा। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि बैंकों को धोखाधड़ी वाले लेन-देन का पता लगाने और रोकने के लिए तकनीकों का सही उपयोग करना चाहिए। यह फैसला न केवल ग्राहकों को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि बैंकों को भी उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए मजबूर करेगा। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे सतर्क रहें और किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। इस फैसले के तहत भारतीय स्टेट बैंक को एक ग्राहक को 94,204 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। यह मामला 18 अक्टूबर 2021 को हुए एक अनधिकृत लेन-देन के मामले से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है और एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया गया है। यह फैसला ग्राहकों को समय पर शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और बैंकों को उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मेहराबान करेगा। ग्राहकों को अब यह आशा है कि उनकी शिकायतों की ठीक कार्रवाई की जाएगी और उनके नुकसान की पूर्ति होगी।

## भूगर्भ में छिपा हुआ है हाइड्रोजन का विशाल भंडार

**दुनिया को लगभग 200 साल तक कर सकता है बिजली सप्लाई**

**वॉशिंगटन ।**

आधुनिक वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के भूगर्भ में छिपा हुआ हाइड्रोजन अद्वितीय संसाधन हो सकता है जो पूरी दुनिया को लगभग 200 साल तक बिजली सप्लाई कर सकता है। यह खोज एक नया मार्ग प्रदर्शित कर सकती है। हालांकि, हाइड्रोजन हाइड्रोजन के बारे में कुछ बुनियादी सवाल उठाए जा रहे हैं। भंडारण की अवधि, उत्पादन प्रक्रिया और उपयोग के प्रकार पर विचार किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्राकृतिक संसाधन में ऐसी दुर्लभता मौजूद है जो सभी पूर्वानुमानों को छुड़ा सकती है। यह जनस्वास्थ्य, वायुप्रदूषण और ऊर्जा संयंत्रों के साथ सांचा हिट कर सकता है। जबकि शोधकर्ता इस संसाधन को पहचान चुके हैं, उन्हें इसे उत्पादित करने के लिए केसे निकालेंगे और कैसे वैश्विक स्तर पर इसे लागू करेंगे, यह भी सोचने लायक सवाल है। आखिरकार, जब हम अपने पर्यावरण के लिए उर्जा की जरुरत से सजग हो रहे हैं, हाइड्रोजन का संसाधन समय की आवश्यकताओं का अनुपालन करने में मदद कर सकता है।



## तुअर की दाल के दामों में भारी गिरावट

**इंदौर ।** भारत के बाजारों में तुअर के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक 500 रूपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्पादक मंडियों मे तुअर की आवक बढ़ रही है। दाल मिलों और स्टॉकिस्टों की ठंडी मांग के चलते बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयातकों की बिकवाली होने से बाजारों में तुअर दाल के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इंदौर की मंडी में तुवर के भाव 6900 प्रति क्विंटल रह गए हैं।व्यापारियों के अनुसार मुंबई पोर्ट पर लेमन तुअर 6900 सफेद तुअर 6500 तथा उड़द का 7800 रुपए प्रति क्विंटल पर पर कारोबार हो रहा है।

## इंडो फार्म का शेयर 20 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**- बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की**

**नई दिल्ली ।** इंडो फार्म इक्विपमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 215 रुपये से 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 20.18 प्रतिशत का बढ़त दिखाता है। इसके बाद यह 33.44 प्रतिशत चढ़कर 286.90 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 256 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,355.30 करोड़ रुपये रहा। इंडो फार्म इक्विपमेंट के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले दिनों बोली के अंतिम दिन तक 227.57 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 260 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 204-215 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इंडो फार्म इक्विपमेंट ट्रैक्टर, पिक एंड कैरी क्रेन और अन्य कृषि उपकरण बनाती है।

## स्मार्टफोन कलपुर्जों पर शुल्क कटौती से प्रभावित होगा इलेक्ट्रॉनिक परिवेश: जीटीआरआई

**- व्यवसायिक उत्पादन को हो सकता है नुकसान**

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2025-26 के सरकारी बजट में स्मार्टफोन के कलपुर्जों पर सीमा शुल्क में कटौती की पूर्वानुमानित सूचनाएं भारतीय व्यावसायिक सेक्टर को लेकर चिंताजनक संकेत दे रही हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने इस विषय पर अपनी रिपोर्ट में दावा किया है। जीटीआरआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्मार्टफोन उद्योग ने वर्ष 2023-24 तक भारत के लिए बड़े निर्यात का दरवाजा खोला है। इसका निर्यात 15.6 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, सीमा शुल्क में कटौती की संभावना पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि ऐसी कटौती से व्यवसायिक उत्पादन को नुकसान पहुंच सकता है। यह उत्पादन में कमी लाने, निवेश की कमी करने और नौकरियों के लिए चिंता का कारण बन सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस स्थिति से बचने के लिए शुल्क में कटौती की बजाय कंपनियों को अपने भंडारण और आयात की क्षमता में सुधार करने की आवश्यकता है। जीटीआरआई के अनुसार, इस निर्णय से भारत के व्यावसायिक सेक्टर पर असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार को सख्ती से कुछ सरल और कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**उर्जा शेयरों में रही तेजी**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से घरेलू शेयर ऊपर आया है। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। आज उर्जा शेयरों में तेजी से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी जैसे शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 234.12 अंक करीब 0.30 फीसदी की बढ़त लेकर 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 91.85 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी की बढ़त लेकर 23,707.90 के स्तर पर बंद हुआ। आज स्मॉल-कैप शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी 1.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आया। टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

दूसरी ओर जोमैटो का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आया। टीसीएस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही।

आज अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में इंट्रादे ट्रेड में उछाल आया। बाजार जानकारों के अनुसार उर्जा शेयरों से बाजार उछला। इसके अलावा रिलायंस







इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में तेजी ने भी बाजार को सहारा मिला।

अन्य बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में उछाल से एशिया-प्रशांत बाजारों में तेजी रही। एसएंडपी 500 और नैस्डैक लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेमीकंडक्टर कंपनी एनवीडिया के शेयरों में बड़ा उछाल आया।

ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) के शेयर सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। इसका असर एशियाई बाजारों पर भी दिखा।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 359.41 अंक चढ़कर 78,324.40 के लेवल पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टीभी 134.40 अंकों की बढ़त के साथ 23,750.45 के स्तर पर खुला।

## भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक, सीईएस में जारी रहेगी: शीर्ष अधिकारी

**- प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 10 जनवरी तक चलेगा**

**लास वेगास ।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और उम्मीद की जा रही है कि यह सीईएस में जारी रहेगी। सीईएस, दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, 10 जनवरी तक चलेगा। यहां वैश्विक कंपनियां नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी भाग लेंगे। 1,400 स्टार्टअप सहित 4,500 से अधिक प्रदर्शक इसमें शामिल होंगे। केली ने कहा कि भारत तेजी से एक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है और इसका महत्व वैश्विक प्रौद्योगिकी परिवेश में बढ़ रहा है। उन्होंने इस संस्थान से भारतीय कंपनियों के साथ विकास के लिए साझेदारी की बात कही। सीईएस में पहली बार भारतीय मंडप समेत कई छोटे उद्यम शामिल होंगे, जिसे उन्होंने रोमांचक बताया। बड़ी तथा छोटी कंपनियां अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और समाधान को प्रदर्शित करेंगी। संगठन अनुसार 300 से अधिक सम्मेलन सत्रों में 1,100 वक्ता भाग लेंगे। इस वर्ष भारत के स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रौद्योगिकी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगें। सीईएस एक अवसर है जहां विश्व में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

# चीनी होगी महंगी, 11 रुपए बढ़ सकते हैं दाम

**- किसानों को होगा फायदा पर आम आदमी की कटेगी जेब**

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने किसानों और चीनी संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए एमएसपी में बढ़ोतरी करने पर विचार करने का ऐलान किया है। इन मांगों की वजह से जल्द ही मीठा खाना महंगा हो सकता है। चीनी का एमएसपी वर्ष 2019 के बाद से बना हुआ है और अभी 31 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जो कि खुदरा बाजार में भी इसके दामों में बढ़ोतरी का कारण बन रहा है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने इस मुद्दे पर कहा कि सरकार जल्द ही फैसला लेगी कि एमएसपी में क्या बढ़ोतरी की जाए। भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ और राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने भी एमएसपी को बढ़ाने की मांग की है। एमएसपी का बढ़ना चीनी उत्पादन की लागत को दर्शाएगा और चीनी मिलों को आर्थिक मदद पहुंचाएगा। अगर एमएसपी बढ़ेगा तो इससे खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। चीनी की महंगाई से मिठाइयों सहित खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ सकते हैं। अगर चीनी का एमएसपी बढ़ाया जाता है तो इससे मिलों को आर्थिक मदद मिलेगी और किसानों का गन्ना बकाया भुगतान भी जल्दी होगा। फंड की कमी की वजह से अक्सर चीनी मिलों के पास गन्ना



किसानों का हजारों करोड़ रुपये बकाया रह जाता है।

चीनी का एमएसपी बढ़ाने जाने का मतलब होगा कि इसे तय कीमत से कम दाम पर खरीदा नहीं जा सकेगा। जब चीनी का एमएसपी ही करीब 11 रुपये बढ़ जाएगा तो निश्चित रूप से खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमत बढ़ेगी और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर होगा। चीनी महंगी होने से मिठाइयों सहित खाने-पीने की ज्यादातर चीजों के दाम बढ़ सकते हैं।

## वीहांत टेक्नोलॉजीज ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र से जुटाए 90 लाख डॉलर

**अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने में मिलेगी मदद**

**नई दिल्ली ।**

कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सुरक्षा तथा निगरानी समाधान प्रदाता वीहांत टेक्नोलॉजीज ने टू नॉर्थ के 'प्राइवेट क्रेडिट फंड' से गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये वित्तपोषण के एक दौर में 90 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 77 करोड़ रुपये जुटाये हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि वीहांत ने अपनी वर्तमान पेशकशों को बढ़ाने तथा विमानन सुरक्षा, स्मार्ट शहरों और उद्यम विश्लेषण के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए अनुसंधान व विकास गतिविधियों को बढ़ाने हेतु 75 प्रतिशत धनराशि खर्च करने की योजना बनाई है। वीहांत के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि टू नॉर्थ से जुटाई गई यह धनराशि हमें विमानन सुरक्षा, स्मार्ट और सुरक्षित शहरों और उद्यम विश्लेषण समाधानों के क्षेत्रों में और अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने और उन्हें पेश करने में मदद करेगी। यह हमें पश्चिम एशिया तथा यूरोप में भौगोलिक विस्तार में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) के जरिये जुटाई गई राशि 2026 तक 12 से 18 महीनों के भीतर आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने और कंपनी को सूचीबद्ध कराने की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगी।

## कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 39 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ा। मजबूत त्यौहारी और शादी-ब्याह की मांग से इसे बल मिला। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत राजस्व 5,223.07 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय परिचालन में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41 प्रतिशत तथा पश्चिम एशिया में 22 प्रतिशत रही। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत तथा विदेशों में कल्याण व डिजिटल मंच 'कैंडेरे फॉर्मेट' में 170 नए शोरूम शुरू करने की योजना बनाई है। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के अपने सभी ब्रांड के 349 शोरूम थे।

# नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे

प्रवासी भारतीय दिवस



ललित गर्ग

**दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है।**

प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है ह्विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदानह्व। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊजार्वान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।

दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन



डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।

नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन ह्यइंडियास्पोराह्न का अभूतपूर्व योगदान रहा है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस पर भुवनेश्वर में आयोजित सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय भाग ले रहे हैं। निश्चित ही प्रवासी भारतीयों की सामूहिक शक्ति और क्षमता राष्ट्र के समावेशी विकास को और बल प्रदान करेगी। सशक्त भारत-नया भारती एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्राप्त करने हेतु हमारी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वे अपनी ऊर्जा, अनुभव, विचारों, व्यापार कौशल, निवेश, तकनीकी विशेषज्ञता और नॉलेज शेयरिंग में योगदान देंगे। मातृभूमि की माटी की पुकार ऐसी होती है जो समय और दूरी की बाधाओं को नहीं देखती है। प्रवासी भारतीयों ने दुनिया के विभिन्न कोनों में अपने निवास के देशों में समृद्ध और उत्पादनशील जीवन का निर्माण किया है। इस सम्मेलन में असाधारण योग्यता के व्यक्तियों के भारत के विकास में उनकी भूमिका की सराहना करने के लिए प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करने की प्रोत्साहन योजना भी है। 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के साथ, यह सम्मेलन भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच है। भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरणा का एक सशक्त माध्यम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाना चाहा है कि भारत आर्थिक सुधारों की राह पर चल रहा है और भारत में निवेश करना तथा व्यापार करना पहले से कहीं आसान हो गया है, इसलिए भारत में पूंजी लगाने में वे तनिक न हिचकें।' भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, इन सुखद स्थितियों में विदेशों में प्रवासी भारतीयों की स्थिति का मजबूत बनाना अच्छी बात है, लेकिन देश में बदलते हालातों एवं नये बनते भारत में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होना अपेक्षित है।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### दहशत न फैलाएं

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला। दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है।




मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई। सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड़-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई। एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने- छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे.का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड़, फिनलैंड़, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं। भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है। एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड़ संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीड़िया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए। शेयर बाजार का गिरना और कोविड़ की पुरानी तस्वीरों/वीड़ियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकड़ाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।

## चिंतन-मनन

### प्रेम और दया से ही प्रसन्न होंगे ईश्वर

ईश्वर को खुश करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। मंत्र साधक लाखों बार मंत्र जप करते हैं, भक्ति मार्ग पर चलने वाले लोग मंदिर जाकर ईश्वर की पूजा करते हैं। धूप-दीप आरती से भगवान को प्रसन्न करने की भी कोशिश करते हैं। इतना करने के बाद भी यह पता नहीं होता कि ईश्वर हमें प्यार करता है या नहीं। प्रेम में सफलता तभी मिलती है जब हमें जिसे प्यार करते हैं वह हमें प्यार करे। इसलिए हमेशा ऐसा काम करें जिससे ईश्वर आपको प्यार करे। यह काम पूजा-पाठ और मंत्र जप से भी आसान है। सभी धर्म एक बात पर सहमत है कि प्रेम और दया यह दो ऐसे साधन है जिसकी बदलौत हम ईश्वर को मजबूर कर सकते हैं कि वह हमें प्यार करे। प्रेम और दया ऐसी चीज है जिसके लिए न तो धन की जरूरत पड़ती है और न ही किसी दूसरे साधनों की। यह अपने आप में पूर्ण और पवित्र है।

हम किसी के प्रति प्रेमपूर्ण व्यवहार करते हैं तो बदले में हमें भी प्रेम मिलता है। इसका कारण यह है कि जिसके प्रति हम प्रेम दशार्ते हैं उसके हृदय में मौजूद आत्मा जो ईश्वर का स्वरूप होता है वह प्रसन्न होता है और बदले में हमें अपने प्रेम की अनुभूति कराता है। गीता, कुरान अथवा बाइबल सभी में दया को ईश्वर को पाने का माध्यम बताया गया है। ईश्वर को फूल, फल अथवा मंत्र से ध्यान करने का उद्देश्य भी यही है कि हमारा मन निर्मल हो और मन में दया की भावना बढ़े। जिसने दया करना सीख लिया वह ईश्वर का पुत्र हो जाता है। ईसा मसीह, भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, साईं सभी ने अपने जीवन में दया का अनुपम परिचय दिया। अपने इसी गुण के कारण ईश्वर ने इन्हें प्यार किया और ईश्वरीय शक्ति इनमें समाहित हो गयी।

## हमारा सबसे अच्छा दिन आज ही है ..!



डॉ मयंक मुरारी

इस जगत में कुछ भी रुकता नही है। हमारे जीने के वर्षों की गणना संभव है, लेकिन जीवन उन वर्ष में सिमटा नहीं होता है। जीवन बस अभी के पल को अर्थपूर्ण जीने और बनाने में है। यह क्षण ही जीवन है। जीवन प्रतिपल है। हमने अगर उस पल को खो दिया, तो पल-पल के साथ दिन, साल और अंततः जीवन भी खो देते हैं। यही प्रकृति का नियम है कि जो अभी है वह कुछ देर बाद नहीं होगा। सुबह का फूल शाम को मुरझा जाता है, यद्यपि वह पेड़ से जुड़ा होता है। इसी प्रकार जीवन में बूंद-बूंद सुख आते हैं, इकटठा सुख कभी नहीं बरसता है। सब कुछ बूंद-बूंद मिलता है। बस उसको ही स्वीकार करना होता है। एक पल ही अपना है, वहीं हमारे हाथ में आता है, फिर वह हमारे साथ नहीं रहता है। सुख बस उस क्षण को पूर्णतः में जीना है। उस पल को पीना है। हम विराट की आशा करते है, और लघुता से असहमति जताते हैं। हमारी चाहत शाश्वत सुख की होती है और उस सुख के क्षण में स्थिर होना नहीं चाहते हैं। हम हर पल को नष्ट करते हुए शाश्वत को दूर करते जाते हैं।

सुख क्षणिक है। उस पल की स्थिरता में ही शाश्वत का दर्शन है, उसमें ही विराट की अनुभूति है। कल जो बीत गया, वहीं श्रेष्ठ था। हमने उसे क्षणिकता में छोड़ दिया। सुख प्रतिपल है। जो सुख मैंने बीते कालखंड में बिताया, उसे अब दुबारा कहां पाया जा सकता है ? समय का सवाल उस सुख को अब सपना बना दिया है। उन सुनहरे पल के साथ सुख की धारा चली थी संगीत की लहर बही थीं और परिवेश में एक मादक प्यास का आलम था। आज सब खत्म हो गया। ऐसे पल में एक पंक्ति याद आती है-कभी कभी दो लम्हों का साथ जिंदगी का प्रेम दे जाता है। और कभी-कभी जिंदगी भर का साथ भी दो लम्हों का सुकून नहीं दे पाता है। हमारी सुख हमारी इंद्रियों का मोहताज है। हमारी तार्किक बुद्धि हरेक सुख को दुखद अंत में बदल डालती है। हम अपने सुख की निंदा करते हैं। प्रेम की मित्रता की, भोजन की और अपने शरीर की भी निंदा से नहीं चुकते हैं। वर्तमान का जीवन दुखी जीवन है जिसमें सुख के कोई पल नहीं है। बगीचा में ओस की बूंदों के कारण चमकने वाले फूल की पंखुड़ियां सदैव वैसी नहीं रहती है। इस कारण हम फूल के सौंदर्य को इंकार नहीं कर सकते हैं। ऐसा फूल नहीं मिलेगा, जो खिला रहे।

शक्ति क्षण में ही नीहित है। इस पर प्रख्यात लेखक द्वय स्विच और मेड टू स्टिक ने एक किताब लिखी है जिसका नाम है- दी पावर ऑफ मोमेंट। इसमें उन्होंने इस का पता लगाया है कि कुछ संक्षिप्त अनुभव हमें कैसे झकझोर सकते हैं, हमें ऊपर उठा सकते हैं और हमें बदल सकते हैं - और हम अपने जीवन और काम में ऐसे असाधारण क्षणों का निर्माण कैसे कर सकते हैं जबकि मानव जीवन अंतहीन रूप से परिवर्तनशील है हमारे जीवन में क्षण भी निर्णायक हो सकते है। इस किताब में बताया गया है कि हमारे सबसे यादगार सकारात्मक क्षणों में चार तत्व हावी होते हैं- उत्थान, अंतर्दृष्टि, गर्व और संबंध। यदि हम इन तत्वों को अपनाते हैं, तो हम और अधिक महत्वपूर्ण क्षणों को याद कर सकते हैं। क्यों हम किसी अनुभव के सबसे अच्छे या सबसे बुरे पल को याद रखते हैं, साथ ही अंतिम पल को भी, और बाकी को भूल जाते हैं ? क्यों जब चीजें निश्चित होती हैं तो हम सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, लेकिन जब वे निश्चित नहीं होती हैं तो हम सबसे अधिक जीवंत महसूस करते हैं। और क्यों हमारी सबसे प्रिय यादें हमारी युवावस्था के दौरान एक संक्षिप्त अवधि में एकत्रित होती हैं ? हममें से अधिकतर लोग जीवन को अपने से दूर जाने देते हैं। हम जीते नहीं। हम बस मौजूद रहते हैं, लेकिन सवाल जरूर करते है कि समय नहीं मिलता है ! काफी व्यस्त जिंदगी है। अगर हम हर पल का सबसे अच्छा उपयोग करते हैं तो ही जीवन सफल बनता है।

हमारे जीवन में कई निर्णायक क्षण संयोग या दुर्भाग्य के परिणाम होते हैं - लेकिन हम अपने सबसे सार्थक, यादगार और ऊर्वर क्षणों को संयोग पर क्यों छोड़ना चाहेंगे ! सभी क्षण समान नहीं होते हैं तो सभी क्षण में से कुछेक की यादें हमारे साथ चलती है। हमारी स्मृति उन्हीं क्षण को याद रखती है जो हमारे जीवन में अर्थपूर्ण होते हैं, ऊंचाई की ओर ले जाते है या हमका दुख का कारण बन जाते हैं। हम किसी क्षण को तभी अर्थपूर्ण बना पायेंगे, जब हमारी अंतर्दृष्टि सहज रहेगी। अंतर्दृष्टि सहज होने पर हमारा नजरिया बदल जाता है और जीवन जीने के तरीके में भी बदलाव आ जाता है। ऐसी स्थिति में हम खुद सत्य को जानते हैं उसके साथ रहना पसंद करते हैं। यह सकारात्मकता को बढ़ता है और दूसरों की पहचान में मदद करता है। कभी-कभी मोमेंट के कुछेक शब्द ही जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परिवर्तन उसी क्षण संभव है जब हम चीजों की वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार कर लेते हैं, जैसी वे हैं। भविष्य चिंता, पछतावा, योजना, दिवास्वप्न आदि चरित्रगत बातों को छोड़ना सीख सकं तो हमारी दुनिया अधिक सरल, दयालु और आकर्षक बन जायेगी।

वर्तमान क्षण से हमारा क्या तात्पर्य है ? हम पहले से ही मान लेते हैं कि हमें पता है कि क्या होना है, जबकि यह ऐसा नहीं है। वर्तमान क्षण पर ध्यान देने का एक तरीका है अतीत और भविष्य को छोड़ देना। हरिवंश राय बच्चन की कविता है- जो बीत गई सो बात गई...। इस बात पर चिंतन करते हुए ज्ञान बोध के साथ स्वयं आगे बढ़े, न कि हम अतीत की ओर देखें ? टेरेसा अमाबिले और स्टीवन क्रेमर ने द प्रोग्रेस प्रिंसिपल में बताया है कि कार्य के दौरान खुशी, जुड़ाव और रचनात्मकता को उर्वर बनाने के लिए छोटी जीत या खुशी का उपयोग करना चाहिए। प्रगति को सक्षम करने वाली दो शक्तियों को सक्रिय करना होता है। पहली शक्ति उत्प्रेरक है, जो सीधे कार्य को सुविधाजनक बनाती हैं। दूसर तत्व पोषक है। पारस्परिक घटनाएँ जो लोगों का उत्थान करती हैं, जिसमें प्रोत्साहन और सम्मान और सहकारिता का प्रदर्शन शामिल है। दूसरों को पहचानें, तो कभी-कभी कुछ सकारात्मक शब्द ही प्राप्तकर्ता के लिए गर्व का बड़ा क्षण बन सकते हैं। समय में रिश्तों को मजबूत करने की शक्ति होती हैं। एक सार्थक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करना शक्तिशाली हो सकता है। इसमें रोचक कहानी, प्रेरणा और खट्टे मीठे अनुभव होते हैं, जो जीवन में शक्तिशाली क्षणों को बार-बार लाते हैं।

## गंभीर चिंता का विषय है ऑनलाइन गेमिंग



विनीत पाण्डेय

आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और स्मार्टफोन ने दुनिया को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। इन तकनीकों के चलते मनोरंजन के नए तरीके भी उभरकर सामने आए हैं, जिनमें ऑनलाइन गेमिंग का प्रचलन सबसे तेजी से बढ़ा है। यह प्लेटफॉर्म न केवल युवाओं के लिए मनोरंजन का एक प्रमुख स्रोत बन गए हैं, बल्कि इसने सट्टेबाजी के रूप में एक नए और खतरनाक उद्योग को भी जन्म दिया है। ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी का मिलाजुला रूप युवाओं के लिए बेहद आकर्षक और नुकसानदायक साबित हो रहा है।

ऑनलाइन गेमिंग का क्षेत्र आज बहुत विस्तृत हो चुका है हालांकि, कुछ ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स और ऐप्स ने इन खेलों को एक नए रूप में पेश किया है, जिसमें सट्टेबाजी की सुविधा जोड़ी गई है। यानी खिलाड़ी अपनी गेमिंग क्षमताओं के आधार पर पैसे दांव पर लगाते हैं और यदि वे जीतते हैं, तो वे पैसे जीतते हैं, और यदि हारते हैं तो पैसा गंवा बैठते हैं। सट्टेबाजी की प्रवृत्ति धीरे-धीरे पारंपरिक खेलों से होते हुए ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में भी प्रवेश कर चुकी है। इस तरह के स्वरुप में मैच से पहले क्रिकेट की टीम बनाना, ताश खेलना और दूसरे अंजान लोगों के साथ खेलने के लिए लूडो जैसे खेल शामिल हो चुके हैं। खिलाड़ियों को अपनी गेमिंग क्षमता के अनुसार पैसे जीतने का मौका मिलता है, जिससे उनकी संलिप्तता और जोश दोनों बढ़ जाते हैं। समय के साथ गेमिंग का यह रूप सट्टेबाजी में बदलने लगता है, जो अंततः वित्तीय नुकसान और मानसिक तनाव का कारण बनता है। ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी का मिलाजुला रूप युवाओं को इस कदर आकर्षित करता है कि वे धीरे-धीरे जुए की लत में फंसने लगते हैं। युवा, जो पहले केवल मनोरंजन के लिए गेमिंग करते थे, अब इन खेलों को जीतने के लिए बड़े पैमाने पर पैसे दांव पर लगाने लगते हैं। यह आदत इतनी गंभीर हो सकती है कि युवा अपनी पढ़ाई, काम, और पारिवारिक संबंधों को नजरअंदाज कर देते हैं। सट्टेबाजी का सबसे बड़ा और स्पष्ट प्रभाव आर्थिक नुकसान के रूप में सामने आता है। कई युवा खिलाड़ियों की मानसिकता यह हो जाती है कि वे खेल में जीतने के लिए पैसे दांव पर लगाएंगे। लेकिन यह प्रक्रिया अक्सर उनकी हार की स्थिति में परिणत होती है, और वे अपनी जमा पूंजी, या यहां तक कि अपने परिवार का पैसा भी खो सकते हैं। आर्थिक संकट के कारण कई बार यह युवा आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने तक पहुंच सकते हैं। हाल ही में समाचार चैनलों और सोशल मीडिया पर एक ऐसे ही युवा की आपबीती काफी चर्चा में रही जिस पर ऑनलाइन गेमिंग में पैसे लगाने और हारने की वजह से करीब 96 लाख का कर्ज हो गया। सट्टेबाजी की लत मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डाल सकती है लगातार हारने के कारण मानसिक अवसाद और चिंता जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन गेम्स के लिए घंटों तक बैठने से शारीरिक समस्याएं, जैसे आंखों की समस्या, सिरदर्द, गर्दन और कमर दर्द, भी हो सकता हैं। अधिक समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से युवा शारीरिक गतिविधियों से वंचित हो जाते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। सट्टेबाजी में संलिप्त लोगों को सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है और इस तरह की आदत विकसित होने से वे अपने परिवार और मित्रों से भी दूर हो सकते हैं। वे अपने परिवार के खर्चों के लिए पैसे चुराने, उधार लेने या जुए के लिए गलत रास्ते अपनाने तक पहुंच सकते हैं। इस प्रकार, यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भी खटास पैदा करता है। इसके परिणामस्वरूप परिवारों में विवाद और टूटन हो सकती है। इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर अक्सर धोखाधड़ी भी होती है कई फर्जी वेबसाइट्स और ऐप्स खिलाड़ियों को धोखा देती हैं, जहां वे जीतने के बाद भी पैसे नहीं प्राप्त कर पाते। इसके अलावा, सट्टेबाजी के दौरान व्यक्तिगत डेटा चोरी होने का खतरा भी रहता है, जिससे साइबर अपराधों की संभावना बढ़ जाती है।

भारत में अधिकांश राज्यों में जुआ और सट्टेबाजी अवैध है हालांकि, ऑनलाइन सट्टेबाजी के मामले में कानूनी ढांचा पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। कई प्लेटफॉर्म्स विदेशों से संचालित होते हैं, जिससे उन्हें भारतीय कानूनों का सामना नहीं करना पड़ता। इसके कारण ऐसे वेबसाइट्स पर सट्टेबाजी की गतिविधियां अवैध होने के बावजूद कानून के दायरे से बाहर होती हैं, जिससे युवाओं को धोखा देना आसान हो जाता है। ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार को इस मामले में कड़े कानून बनाने और लागू करने की आवश्यकता है साथ ही सक्षम सरकारी एजेंसियों को ऐसे प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, जो अवैध सट्टेबाजी की पेशकश कर रहे हैं साथ ही, इन प्लेटफॉर्म्स की निगरानी भी आवश्यक है। इसके अलावा नागरिकों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए सट्टेबाजी के खिलाफ सिर्फ कानूनी उपायों के भरोसे न रह कर सामूहिक जागरूकता और व्यक्तिगत सजगता का रास्ता भी अपनाना होगा। सबसे पहले, युवाओं और उनके अभिभावकों को इस खतरे के बारे में जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में इस मुद्दे पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। बच्चों को यह बताया जाना चाहिए कि ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर सट्टेबाजी कितनी खतरनाक हो सकती है और इसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसका ये मतलब नहीं की इसे बिल्कुल बंद ही कर देना चाहिए पर ऑनलाइन गेमिंग को सुरक्षित रूप से खेलने के लिए सुरक्षित और अनुशासित तरीके अपनाए जाने चाहिए। गेमिंग कंपनियों को जिम्मेदार बनाना चाहिए ताकि वे खिलाड़ियों को सट्टेबाजी से बचाने के लिए उचित नियम और प्रोटोकॉल लागू करें।

इसके अलावा, बच्चों और युवाओं को यह सिखाना चाहिए कि गेमिंग केवल मनोरंजन के लिए किया जाए, न कि पैसों की कमाई का एक तरीका बनाया लिया जाए। अलग-अलग जगहों पर विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अनेक स्तर पर इसके खिलाफ मुहीम भी चलाई जा रही है। पर विडम्बना यह है कि इस मुहीम में इनका साथ देने के बजाए कई नामी गिरामी चेहरे अपने निजी लाभ के लिए इसका प्रचार करते दिख जाते हैं। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि ऑनलाइन गेमिंग मनोरंजन का एक माध्यम हो सकता है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करना किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं है। यह समाज और परिवारों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है, और इसे नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। यदि हम इस मुद्दे पर समय रहते सचेत नहीं होते हैं, तो यह न केवल नयी पीढ़ी के व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करेगा, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधा उत्पन्न करेगा।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर आईसीसी की रेटिंग आई सामने

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने 'बेहतरीन' करार दिया है जबकि सिडनी में पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पांच मैचों की श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया ने 3.1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पर्थ के आप्टस स्टेडियम की पिच, एडीलेड ओवल, ब्रिसबेन में गाबा की पिच और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच को ऊंची रेटिंग मिली है। वहीं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच को 'संतोषजनक' बताया गया है।

सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 'हम हमेशा कोशिश करते हैं कि ऐसी पिचें तैयार करें जो उस मैदान की खूबी बताती हो और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में ऐसा ही होता आया है।'

उन्होंने कहा, 'हम ऐसी पिचें नहीं तैयार करते जो मेजबान टीम के अनुकूल हो या हमारी मदद करे। हम चाहते हैं कि बल्ले और गेंद के बीच अच्छी स्पर्धा हो और नतीजा निकले। तैयारियों पर मौसम का असर पड़ा और हमें पता है कि सबसे कुशल क्यूरेटर भी विपरीत मौसम से प्रभावित होते।' सिडनी की पिच को लेकर जहां सुनील गावस्कर ने कहा कि यह आदर्श पिच नहीं थी वहीं भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इसे 'मसालेदार' और टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी बताया।



# बुमराह सहित तीन खिलाड़ी आईसीसी के दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस और और दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज डेन पैटरसन को आईसीसी ने दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित किया है। भारतीय टीम के बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे अधिक 32 विकेट लिए। उनके सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से विकेट लिए। कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। कमिंस ने तीन टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए हैं।

कमिंस ने इसके अलावा बल्लेबाजी में भी 49 और 41 रन बनाये।

ब्रिस्बेन और मेलबर्न में बुमराह ने 9-9 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी से ही भारतीय टीम अंत तक मैच में बनी रही। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दिलायी। पैटरसन ने दो टेस्ट में 16.92 की औसत से 13 विकेट लिए। पैटरसन ने श्रीलंका के खिलाफ 71 रन देकर पांच विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ 61 रन देकर 5 विकेट लिए।

# रबाडा को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत की उम्मीद



**केपटाउन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मिली 10 विकेट की जीत से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को उम्मीद है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा देगी। रबाना ने कहा कि हम जानते हैं कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया पर कैसे जीत हासिल की जा सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही 2-0 से सीरीज जीती है। मेजबान टीम ने इस सीरीज के पहले मैच में जीत के साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भी प्रवेश हासिल कर लिया है।

रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अभी समय है पर इतने बड़े टूर्नामेंट के लिए हमेशा तैयार रहने की जरुरत होती है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया एक जैसा क्रिकेट खेलते हैं, इसलिए अच्छी प्रतिद्वंद्विता भी रहती है। हम हमेशा कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। टेस्ट क्रिकेट हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं। जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं जो पाक के खिलाफ सीरीज में दिखा है। पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका आईसीसी अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। उसके अब 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण टीम के कोच शुकरी कॉनराड अभ्यास के लिए आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# रचिन रविंद्र और मार्क चैपमैन की शानदार बल्लेबाजी, न्यूजीलैंड की श्रीलंका पर बड़ी जीत

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** रचिन रविंद्र (79), मार्क चैपमैन (62) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को वर्षा बाधित मैच दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

न्यूजीलैंड के 255 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 22 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। पथुम निसंका (एक), कुसल मेंडिस (दो), अविष्का फर्नांडो (10) और कप्तान चरित असलंका (चार) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जनित लियानगे ने कामिंडु मेंडिस के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में नेथन स्मिथ ने जनित लियानगे (22) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 25वें ओवर में चामिंदु विक्रमासिंघे (17) रनआउट हुए।

वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (छह) और एहसान मलिंगा (चार) रन बनाकर आउट हुए। कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंका के लिए सर्वाधिक (64) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 30.2 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को उनकी 79 रनों की बेहतरीन पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने तीन, जेकब डफी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, नेथन स्मिथ और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के खलल के कारण मैच 37-37 ओवर का दिया गया था।



बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज विल यंग (16) का विकेट गवां दिया। उन्हें ए फर्नांडो ने आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने रचिन रविंद्र के साथ दूसरे विकेट के लिए 112 रन जोड़े। 20वें ओवर में महीश तीक्षणा ने मार्क चैपमैन 52 गेंदों में (62) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 23वें ओवर में हसरंगा ने रचिन रविंद्र 63 गेंदों में (79) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। टॉम लेथम (एक) रनआउट हुए। ग्लेन फिलिप्स (22), कप्तान मिचेल सैंटनर (20) और डैरिल मिचेल (38) रन बनाकर आउट हुए।

श्रीलंकाई गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए निचले क्रम के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। न्यूजीलैंड ने अपने आखिरी चार विकेट मात्र आठ रन जोड़कर गवां दिए। न्यूजीलैंड की टीम 37 ओवर में 9 विकेट पर 255 रन का स्कोर बना सकी। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने चार विकेट लिये। वानिंदु हसरंगा को दो विकेट मिले। एहसान मलिंगा और असिता फर्नांडो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सचिन को नहीं जानती सुशीला मीना

मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गत दिनों एक छोटी सी लड़की सुशीला मीना की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उसका गेंदबाजी एक्शन जहीर खान जैसा है। इसके साथ ही सचिन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस लड़की के गेंदबाजी करने की वीडियो भी साझा की थी। इसके बाद से ही ये लड़की सोशल मीडिया पर छा गयी थी। वहीं जब इस लड़की सुशीला का कहना है कि वह किसी सचिन तेंदुलरक के बारे में नहीं जानती। सचिन के इस वीडियो को देखने के बाद ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने गत दिनों ही सुशीला को ट्रेनिंग के लिए गोद लेने का फैसला किया था। 12 साल की सुशीला राजस्थान के रामेर तालाब गांव की रहने वाली हैं और अभी 5वीं कक्षा में पढ़ रही हैं। उदयपुर के सांसद मन्नालाल रावत और विधायक कन्हैयालाल मीणा ने हाल ही में सुशीला के गांव का दौरा किया और उसके साथ ही उनके माता-पिता से भी बात की। रावत ने कहा कि सही तरह की कोचिंग से सुशीला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ राजस्थान को भी पहचान दिलाने की क्षमता रखती है। हाल ही में एक साक्षात्कार में सुशीला ने कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सचिन कौन हैं। उन्होंने कहा था कि मैं नहीं जानती कि तेंदुलकर कौन हैं। सुशीला ने यह भी कहा कि उनके घर पर टेलीविजन नहीं है और उसने कभी क्रिकेट मैच नहीं देखा है।



# एससीजी जैसी कठिन पिच पहले नहीं देखी : स्मिथ



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने सिडनी (एससीजी) की पिच पर बल्लेबाजी करने को सबसे मुश्किल बताया है। स्मिथ ने कहा कि ऐसी कठिन पिच पर उन्होंने पहले कभी नहीं खेला था। सिडनी केवल एक रन की कमी से अपने 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाये। स्मिथ को इसके लिए सिडनी में 38 रन की जरूरत थी पर वह पहली पारी में 33 रन पर ही आउट हो गये थे। वहीं दूसरी पारी में वह चार रन बनाकर आउट हो गये थे। इस प्रकार वह एक रन की कमी से से टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे नहीं कर पाये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि मैं इस मैच में बेहद खतरनाक गेंद पर आउट हुआ, गेंद अचानक से उछल गयी थी। उन्होंने कहा कि 10 हजार टेस्ट रन तक नहीं पहुंचनने से वह निराश नहीं है क्योंकि टीम को मैच में जीत मिली। उन्होंने कहा कि यह एससीजी की सबसे कठिन पिच थी। गेंद को सीम से मदद मिल रही थी और यह काफी स्विंग हो रही थी। मैं पहले कभी एससीजी में इस तरह के विकेट पर नहीं खेला था। यहां बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय रूप से कठिन था। इस सीरीज में स्मिथ ने दो शतक लगाये हैं। उनका कहना है कि ये सीरीज काफी अच्छी रही। साथ ही कहा कि भारत एक अविश्वसनीय रुप से कठिन टीम है। हमें इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी का सामना करना पड़ा हालांकि अंत में परिणाम हमारे पक्ष में रहा।

# महिला हॉकी इंडिया लीग से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी : सविता पूनिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 तक खेलने की उम्मीद जताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और अधिक से अधिक युवा हॉकी खेलने के लिए प्रेरित होंगे। महिला एचआईएल का पहला सत्र 12 से 26 जनवरी तक खेला जाएगा।

सविता ने कहा, 'हर खिलाड़ी आर्थिक स्थिरता चाहता है ताकि वह परिवार को तनावमुक्त रख सके, उसकी मदद कर सके और अच्छे उपकरण खरीद सके। हम लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में हैं और जब भी हम पदक जीतते हैं तो सरकार हमें पुरस्कार देती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन जब एक जूनियर खिलाड़ी को इतना पैसा मिलता है तो उसे किसी तरह का वित्तीय तनाव नहीं रहता। वह अपने खेल पर फोकस कर सकती है। माता-पिता भी अब निश्चिंत हो सकते हैं कि हॉकी में भविष्य है और बच्चे इसमें करियर बना सकते हैं।'



भारत के लिए करीब 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी 34 वर्ष की सविता ने कहा कि उनका संन्यास लेने का इरादा नहीं है और वह लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 खेलना चाहती है बशर्ते फिट रहे और खेल का मजा लेती रहे। उन्होंने कहा, 'मैं अगला ओलंपिक खेलना चाहती हूं। मेरे माता पिता ने हमेशा मेरे फैसलों का समर्थन किया और अब शादी के बाद सास ससुर और पति भी मेरा पूरा साथ दे रहे हैं। मैं किस्मतवाली हूं।'

उन्होंने कहा, 'फिलहाल फोकस 2026 विश्व कप और एशियाई खेलों पर है। दोनों परिवारों ने मुझसे कहा है कि अगर मैं ओलंपिक खेलना चाहती हूं तो वे मेरे साथ है। मुझे अपनी उम्र बताने में कोई हिचक नहीं होती। अगर मैं फिट रही और खेल का मजा लेती रही तो जरूर खेलूंगी।'

# विराट और रोहित पर है रणजी खेलने का दबाव



मुम्बई । ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा पर भी घरेलू क्रिकेट खेलने का दवाब है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की हार के बाद पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने तो यहां तक कहा था कि अगर जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते हैं तो उन्हें टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिये। गावस्कर ने यहां तक कहा कि उन्हें 23 जनवरी का इंतजार है। वे देखना चाहेंगे कि ये खिलाड़ी रणजी मैच खेलते हैं। ऐसे में अब विराट और रोहित को अपनी-अपनी घरेलू टीमों से खेलना ही होगा। भारतीय क्रिकेट टीम 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी पर विराट और रोहित दोनो ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है। इसलिए इनके पास रणजी ट्रॉफी में खेलने का अवसर भी है। रणजी ट्रॉफी का इसका पहला हाफ अक्टूबर-नवंबर में खेला गया था। अब इसके बाकी बचे मैच इसी माह 23 जनवरी से शुरू हो रहे हैं. इसमें दिल्ली का मुकाबला सौराष्ट्र से जबकि मुंबई का मुकाबला जम्मू कश्मीर से होगा। ऐसे में अगर विराट घरेलू क्रिकेट में दिल्ली से खेलते हैं तो उनका सामना चेतेश्वर पुजारा से होगा। पुजारा सौराष्ट्र की ओर से खेलते हैं। विराट ने अंतिम बार रणजी मुकाबला साल 2012 में खेला था। वहीं पुजारा नियमित तौर पर रणजी मैच खेलते रहे हैं।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में बदलाव की अधिक संभावना नहीं

**-रोहित रहेंगे कप्तान पर शुभमन को उपकप्तानी से हटाया जाना तय**

**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा रविवार को हो सकती है। इसमें टीम में कोई बड़ा बदलाव किये जाने की उम्मीदें नहीं हैं पर शुभमन गिल को उपकप्तानी से हटाया जा सकता है। भारत ने 2024 में एक ही एकदिवसीय सीरीज खेली थी। इस सीरीज में रोहित शर्मा कप्तान जबकि शुभमन गिल उप कप्तान थे। अब 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी में भी रोहित ही कप्तान रह सकते हैं पर शुभमन को टीम में जगह मिलना तय नहीं है। इसका कारण ये है कि पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वहीं यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की है। जिस प्रकार यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में पारी की शुरुआत करते हुए टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उससे वह अब एकदिवसीय के लिए भी प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे हैं। माना जा रहा है कि यशस्वी को एकदिवीय टीम में भी जगह मिल सकती है। अगर यशस्वी को टीम में जगह मिलती है तो शुभमन को बाहर होना पड़ेगा। यशस्वी ने अब तक एक भी वनडे मैच नहीं खेला है. वे इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत कर सकते हैं।



टीम इंडिया के बाकी बल्लेबाजों और ऑलराउंडर्स के नाम काफी हद तक तय नजर आते हैं। विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर विराट कोहली और श्रेयस अय्यर का चयन पक्का है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत और केएल राहुल की जगह पक्की लगती है। ऐसे ही ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भी जगह मिल सकती है। अगर हार्दिक पंड्या और नीतीश दोनों का चयन होता है तो भारतीय टीम तीन विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ उतरेगी। ये तीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह हो सकते हैं. विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की दावेदारी पक्की है।

भारत की संभावित टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह।

# कराबाओ कप फुटबॉल सेमीफाइनल के पहले चरण में न्यूकैसल ने आर्सेनल को हराया

लंदन । आर्सेनल की टीम को काराबाओ कप फुटबॉल में सेमीफाइनल के पहले चरण में ही 2-0 से हार का सामना करना पड़ा है। न्यूकैसल ने मुकाबले के दौरान आर्सेनल को खेल के हर क्षेत्र में पीछे छोड़ दिया। इससे आर्सेनल के लिए फाइनल की राह बेहद मुश्किल हो गयी है। ऐसे में अब न्यूकैसल यूनाइटेड दूसरे चरण के लिए दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा। वहीं मैच के 37वें मिनट में अलेक्जेंडर इसाक ने न्यूकैसल की ओर से पहला गोल कर उसे बढ़त दिलाई। यह अलेक्जेंडर का 15 मैचों में 14वां गोल था और न्यूकैसल की ओर से 50वां गोल। उन्होंने यह आंकड़ा केवल 89 मैचों में ही हासिल किया। इसके बाद 51वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने गोल दागकर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद न्यूकैसल की रक्षापंक्त ने आर्सेनल के हर आक्रमण को विफल कर दिया। इससे न्यूकैसल तेजी से फाइनल की ओर बढ़ा है। न्यूकैसल के खिलाड़ी उत्साहित हैं और अपने घरेलू दर्शकों के सामने फाइनल में जगह पक्की करने कोई कसर नहीं रखेंगे। अब न्यूकैसल का लक्ष्य तीन सीजन में दूसरी बार काराबाओ कप फाइनल में पहुंचना रहेगा। दूसरी ओर आर्सेनल के लिए मुकाबला अच्छा नहीं रहा। अब उन्हें 5 फरवरी को दूसरे चरण में जीत दर्ज करने का प्रयास करना होगा।



# शास्त्री और पोंटिंग बोले, शमी को बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शामिल करना चाहिये था

**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसे बॉर्डर गावस्कर सीरीज के बाद के मैचों में शामिल किया जाना चाहिये था। इन दिग्गजों का कहना है कि शमी के रहने से भारतीय टीम को भी लाभ होता ओर उनकी फिटनेस का भी सही अंदाजा हो जाता। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया। पिछले एक साल से टीम से बाहर चल रहे शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेला था। इसके अलावा सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। ऐसे में कहा जा रहा था कि उन्हे तीसरे या चौथे टेस्ट में भेजा जाएगा पर ऐसा हुआ नहीं। एक ओर जहां शमी कहा रहे थे कि वह फिट हैं। वहीं ये भी कहा जा रहा था कि घरेलू क्रिकेट से उनके घुटने में सूजन आ गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले आधिकारिक तौर उनकी वापसी की संभावना को खारिज कर दिया था।

पोंटिंग और शास्त्री दोनों का मानना है कि भारत को शमी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाना चाहिए था। शास्त्री ने कहा, 'मीडिया में चल रही बातों से मैं बहुत हैरान था कि शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ था। जब फिट होने की बात आती है तो वह कहां है? मुझे नहीं पता कि वह कितने समय से भारतीय क्रिकेट अकादमी में उबर रहा है। वह किस स्थिति में है इसको लेकर सही बात सामने नहीं आ पा रही थी। वहीं अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं उसे ऑस्ट्रेलिया लेकर जाता। अगर वह होता तो हम मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में बेहतर कर सको थे। वहीं पोंटिंग ने भी शास्त्री की बातों का समर्थन करते हुए कहा, 'मुझे वास्तव में हैरानी है कि उसे सीरीज के बीच में टीम में क्यों शामिल नहीं किया गया। वह अगर कम ओवर भी करता तब भी भारतीय टीम को लाभ होता। अगर इस इसी सीरीज में होतो तो परिणाम कुछ अलग हो सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर कोरिया ने समुद्र में मिसाइल दागी: दक्षिण कोरिया



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने 2025 में भी अपनी हथियार परीक्षण गतिविधियों को जारी रखते हुए समुद्र में कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। सोमवार को दक्षिण कोरिया के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि कितनी मिसाइलें दागी गई या उनका निशाना कितनी दूर तक था। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन उत्तर कोरिया से जुड़े परमाणु खतरे और अन्य मुद्दों पर दक्षिण कोरियाई सहयोगियों के साथ बातचीत के लिए सियोल की यात्रा पर हैं।

### रूस से लगे सागर में टैंकर से तेल रिसाव होने के कारण 32 डॉल्फिन की मौत



**मास्को, एजेंसी।** केर्च जलडमरूमध्य में तीन हफ्ते पहले समुद्री तूफान की चपेट में आये दो टैंकर से तेल का रिसाव होने से 32 डॉल्फिन की मौत हुई है। एक पशु बचाव समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। केर्च जलडमरूमध्य रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र से अलग करता है। रूस के डेल्फा डॉल्फिन बचाव एवं अनुसंधान केंद्र ने कहा कि ये मौतें ''संभवत: ईंधन तेल का रिसाव होने से संबंधित हैं।'' रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल रिसाव को ''पारिस्थितिक आपदा'' करार दिया है।

### मेलानिया ट्रंप के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रसारित होगा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र ओटीटी (ओवर द टॉप) मंच अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रसारित किया जाएगा। अमेजन प्राइम वीडियो ने रविवार को बताया कि ब्रेट रैटनर निर्देशित इस वृत्तचित्र को इस साल के उत्तरार्ध में रिलीज किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इसमें दर्शकों को मेलानिया के जीवन के 'अनछुए पहलुओं' से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

### जापान: परमाणु हमले में जिंदा बचे समाजसेवी शिगेमी का निधन

**टोक्यो, एजेंसी।** नागासाकी परमाणु बम हमले में जिंदा बचने वाले जापान के सामाजिक कार्यकर्ता शिगेमी फुकाहोरी का निधन हो गया। उन्होंने अपना पूरा जीवन शांति व परमाणु हथियारों के खिलाफ आंदोलन को सौंप दिया था। वह 93 वर्ष के थे। उराकामी कैथोलिक चर्च ने रविवार को बताया कि फुकाहोरी की मौत तीन जनवरी को दक्षिण-पश्चिमी जापान के नागासाकी के एक अस्पताल में हुई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, फुकाहोरी की मृत्यु वृद्धावस्था के कारण हुई। चर्च ग्राउंड जीरो से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसका घंटाघर व कुछ मूर्तियां परमाणु बमबारी से बच गई थीं। अमेरिका ने 9 अगस्त, 1945 को नागासाकी पर जब परमाणु बम गिराया था, तब फुकाहोरी सिर्फ 14 साल के थे। इसमें लाखों मौतें हुई थीं। हमले में शिगेमी के परिवार समेत हजारों लोग मारे गए थे। यह घटना हिरोशिमा पर परमाणु हमले के तीन दिन बाद हुई थी। फुकाहोरी जहां बम गिराया गया, उसके करीब तीन किलोमीटर दूर एक शिपयार्ड में काम करते थे। वह इस हमले से इतने सहम गए थे कि इसके बारे में कई वर्षों तक बात नहीं कर पाए।

### कनाडाई संगठनों पर चीनी प्रतिबंध की तिब्बती सरकार ने की आलोचना

**टोरंटो, एजेंसी।** भारत में तिब्बत की निर्वासित सरकार ने कनाडा में दो सामाजिक संगठनों और उनसे जुड़े 20 लोगों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने के लिए चीन की तीखी आलोचना की है। निर्वासित तिब्बती संसद की डिप्टी स्पीकर डोलमा सेरिंग ने कहा कि यह फैसला दिखाता है कि चीनी कम्युनिस्ट शासन हर मामलों में दखल देना चाहता है। चीन ने कनाडा के जिन दो सामाजिक संगठनों को निशाना बनाया है, उसमें कनाडा तिब्बत कमेटी व उइगर मुसलमानों के अधिकारों की वकालत करने वाला एक संगठन शामिल है। डोलमा ने संयुक्त राष्ट्र व लोकतांत्रिक देशों से अपील की है कि वे चीन के फैसले के खिलाफ खड़े हों। उन्होंने कहा, तिब्बत व उसके लोगों के ऊपर अपनी ही जमीन पर लगातार अत्याचार हो रहा है। चीनी प्रशासन अब तिब्बती लोगों की आवाज दबाने के लिए तिब्बत के बाहर भी अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहा है।

**अमेरिका में 10 साल के सबसे बर्फीले तूफान का खतरा**

# 7 राज्यों ने इमरजेंसी घोषित की, 6 करोड़ लोगों का जीवन प्रभावित



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रविवार को भीषण बर्फीला तूफान की वजह से कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि यह अमेरिका में पिछले 10 साल का सबसे भीषण बर्फीला तूफान हो सकता है। हालात देखते हुए अमेरिका के 7 राज्य केंटकी, वर्जीनिया, वेस्ट वर्जीनिया, कंसास, अर्कांसस और मिसौरी में इमरजेंसी लगा दी गई है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक यूएस नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इस तूफान से अमेरिका के 6 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन प्रभावित होगा।

आमतौर पर गर्म रहने वाले फ्लोरिडा में भी में भारी बर्फबारी हो रही है। कंसास और मिसौरी के लिए खास चेतावनी जारी की गई है। नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इन दोनों राज्यों के कई इलाकों में 8 इंच तक बर्फबारी हो सकती है। यहां पर 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं।

पोलर वोर्टेक्स की वजह से आया तूफान अमेरिका में इस बर्फीले तुफान की बड़ी वजह से पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स काउंटर क्लॉकवाइज (घड़ी की उल्टी दिशा) बहती हैं। पोलर वोर्टेक्स भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है।

इन दिनों अमेरिका में यही हो रहा है, एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये ध्रुवीय हवाएं यूरोप और एशिया में चल सकती हैं। क्या खतरे हो सकते हैं जब पोलर वोर्टेक्स चल रही हों, तब घर से बाहर निकलना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इस वक्त बिना विंटर किट के बाहर निकलने पर 5 से 7 मिनट में दिल का दौरा पड़ सकता है। इसके अलावा स्किन जम सकती है। ऐसे मौसम में गाड़ी भी स्टार्ट नहीं होती हैं। इससे बचने का सिर्फ एक ही उपाय है कि जब ध्रुवीय हवाएं चल रही हों, तब घर के भीतर ही रहें। कुछ रिसर्च से पता चला है कि बीते कुछ सालों में आर्कटिक तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे पोलर वोर्टेक्स दक्षिण की तरफ शिफ्ट हो रहा है। अमेरिका इंडियाना स्टेट में तो हालात इतने खराब है कि सड़कों से बर्फ हटाने के आधा घंटे बाद हालात जस के तस हो जाते हैं।

**शिकागो में ट्रेन और फ्लाइट कैंसिल :** तेज सर्द हवओं को देखते हुए शिकागो से न्यूयॉर्क और सेंट लुइस जाने वाली सभी फ्लाइट्स और ट्रेन रद्द कर दी गई हैं। केंटकी राज्य में तो बर्फबारी का नया रिकॉर्ड बना है। राज्य के कुछ इलाकों में 10 इंच से ज्यादा बर्फबारी हुई है। इसी तरह लेक्सिंगटन में 5 इंच से ज्यादा बर्फबारी रिकॉर्ड की गई।एक्सपर्ट्स ने अमेरिका के दो तिहाई हिस्से में भीषण ठंड की स्थिति की चेतावनी दी है। माना जा रहा है कि टेम्परेचर स्टैंडर्ड लेवल से 7 से 14 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर सकता है। रविवार को शिकागो का टेम्परेचर माइनस 7 से 10 सेल्सियस रहा, जबकि मिनियापोलिस में यह 0 डिग्री पहुंच गया।कनाडा बॉर्डर के पास मिनेसोटा के इंटरनेशनल फॉल्स में तापमान माइनस 11 डिग्री दर्ज किया गया। नेशनल वेदर सर्विस ने मैरीलैंड के एनापोलिस के आसपास 8 से 12 इंच बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया है।

# यून सुक योल की गिरफ्तारी के लिए जांचकर्ताओं ने मांगी पुलिस से मदद, समर्थकों के विरोध के बाद फैसला



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट लगातार गहरा रहा है और अब महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करना जांचकर्ताओं के लिए टेढ़ी खीर बन गया है। यून सुक योल की गिरफ्तारी का विरोध होने के बाद जांचकर्ताओं ने पुलिस से मदद मांगी है। शुक्रवार को जब जांचकर्ता यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंचे तो यून सुक योल के सुरक्षाकर्मी उनसे भिड़ गए थे। इससे पहले गुरुवार को यून सुक योल के समर्थकों ने जांचकर्ताओं को आवास में घुसने नहीं दिया था।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया का भ्रष्टाचार जांच कार्यालय यून सुक योल के खिलाफ जांच कर रहा है। जांचकर्ताओं ने वारंट की अवधि समाप्त होने से पहले पुलिस को पत्र भेजकर मदद मांगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने बिना किसी पूर्व परामर्श के हमारे सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने हमें पत्र भेजा है। हम इसकी कानूनी समीक्षा कर रहे हैं। इसके अलावा भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने कहा कि यून सुक योल की गिरफ्तारी को लेकर हो रहे विरोध के चलते वारंट को तामील कराना संभव नहीं हो पा रहा है। हम समीक्षा के बाद आगे की योजना बना रहे हैं। हम समर्थकों के विरोध पर खेद जताते हैं, क्योंकि इससे कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हो सका।

**राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मियों ने नहीं होने दी गिरफ्तारी :** दक्षिण कोरियाई जांचकर्ता शुक्रवार को यून सुक योल को उनके आवास पर गिरफ्तार करने पहुंचे थे, लेकिन स्थानीय मीडिया ने बताया कि राष्ट्रपति के सुरक्षा बलों ने जांचकर्ताओं को रोक दिया और यून की गिरफ्तारी फिर नहीं हो सकी।

यून जिन्हें हटाने के लिए पहले ही सांसद अपना समर्थन दे चुके हैं, अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति पद से हट जाएंगे। यून की गिरफ्तारी का वारंट जारी हो चुका है, लेकिन दो बार कोशिश करने के बाद भी जांचकर्ता यून को गिरफ्तार नहीं कर सके हैं। अगर वे गिरफ्तार हो जाते हैं तो यून गिरफ्तार होने वाले दक्षिण कोरिया के पहले राष्ट्रपति बन जाएंगे। यून ने 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने का फैसला किया था। हालांकि हंगामे के बाद उन्हें फैसला वापस लेना पड़ा। इसके लिए यून सुक योल को जेल की सजा और मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है।

**समर्थक भी जांचकर्ताओं को घुसने नहीं दे रहे :** गुरुवार को यून समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी नहीं होने दी थी और यून समर्थक जांचकर्ताओं की टीम से भिड़ गए थे। यून की गिरफ्तारी के रोकने के लिए यून समर्थक उनके आवास के बाहर जमे हैं और प्रार्थनाओं का दौर चल रहा है। वहीं जांचकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति यून की गिरफ्तारी रोकने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### न्यू जर्सी में हत्या के आरोप में भारतीय मूल के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी के एक जंगल में एक भारतीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में पांच भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। ओशन काउंटी के अभियोजक ब्रैडली बिलहिमर और न्यू जर्सी पुलिस के कर्नल पैट्रिक कैलाहन ने बताया कि इनमें से आखिरी आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। कुलदीप कुमार का शव 14 दिसंबर को न्यू जर्सी के ग्रीनवुड वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्र में पाया गया था, जिसके शरीर पर गोली के निशान थे। हालांकि, उनके परिवार ने 26 अक्टूबर को उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन उनका शव करीब दो महीने बाद मिला। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि हत्या 22 अक्टूबर के आसपास की थी और शव पूरी तरह सड़ चुका था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने उनकी पहचान में मदद की। अभियोजक कार्यालय के अनुसार, कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जांच ने पांच आरोपियों को इस हत्या से जोड़ा। इन आरोपियों में चार लोग इंडियाना राज्य के ग्रीनवुड से हैं। सौरव कुमार (23), गौरव सिंह (27), निर्मल सिंह (30), और गुरदीप सिंह (22) और एक आरोपी संदीप कुमार (34) न्यूयॉर्क के ओजोन पार्क से है। अमेरिकी कानून के अनुसार, जब किसी आरोपी को दूसरे राज्य में गिरफ्तार किया जाता है, तो अभियोजकों को अदालत में प्रत्यर्पण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, इसमें गिरफ्तार व्यक्ति प्रत्यर्पण का विरोध कर सकता है।

# सीरिया में मोसाद के जासूस को बीच चौराहे पर दी गई थी फांसी, 60 साल से कब्र का पता लगा रहा इजराइल



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल दुनिया भर में ऑपरेशन को अंजाम देने वाले अपने जासूसों के साथ हमेशा खड़ा रहता है और उन्हें वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश करता है चाहे वो जीवित हों या उनकी मौत हो गई हो। इसी नीति के तहत इजराइसी खुफिया एजेंसी मोसाद के एक जासूस की मौत के 60 साल बाद भी इजराइल उसके अवशेष को सीरिया से वापस लाने की कोशिश कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जासूस एली कोहेन के अवशेषों का पता लगाने और उन्हें वापस लाने के लिए इजराइली सरकार नए सिरे से प्रयास करते हुए सीरियाई और विदेशी अधिकारियों से संपर्क किया है। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद इजराइल ने यह कदम उठाया है। मोसाद के एजेंट कोहेन ने सीरिया में एक कथित सीरिया व्यवसायी कामेल अमीन थाबेट की पहचान के तहत घुसपैठ की थी और एक प्रभावशाली नेटवर्क बुनने में कामयाबी हासिल की। पकड़े जाने से पहले उन्होंने सीरिया के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों के साथ संबंध स्थापित किए। 18 मई, 1965 को दमिश्क में मरजेह चौक पर उन्हें फांसी दे दी गई थी। तब से सीरिया के अधिकारियों ने उनकी कब्र के स्थान को गुप्त रखा है।

एली कोहेन को बचाने के लिए इजराइल ने पूरी कोशिश की थी और अरब कैदियों के साथ आदान-प्रदान का प्रस्ताव दिया था, लेकिन सीरिया ने सभी मध्यस्थता प्रयासों को अस्वीकार कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल कथित तौर पर सीरिया में उन समूहों के साथ संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर रहा है, जिन्होंने 1982 में लेबनान पर आक्रमण के दौरान बेका में सुल्तान याकूब की लड़ाई के दौरान गायब हुए तीन सैनिकों में से एक का शव खोजने के लिए फिलिस्तीनी गुटों के साथ सहयोग किया था। यह लड़ाई 10 जून, 1982 को सीरियाई और इजराइली सेनाओं के बीच हुई थी।

कोहेन को फांसी पर लटकाए जाने के बाद यह अनुमान लगाया गया कि दफन स्थल कई बार बदला गया है, और उनके कब्र का पता लगाने के इजराइल के प्रयासों को विफल करने के लिए वर्षों से उन्हें अलग-अलग स्थानों पर दफनाया गया था। इजराल के सूत्रों का मानना है कि कोहेन की कब्र को ढूंढने के लिए पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के परिवार या उनके करीबी लोगों तक पहुंचना जरूरी है।

एली कोहेन की पत्नी नादिया कोहेन ने एक साक्षात्कार में कहा, हमने 60वें वर्ष की शुरुआत की है, जब एली को सीरिया में दफनाया गया था, मैंने अपना जीवन अकेले जिया और मुझे लगता है कि मैं इसके बाद भी अकेली रहूंगी। उन्होंने कहा, जब भी सीरिया के साथ बातचीत होती है और उम्मीद होती है, तो निराशा होती है। मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, डेविड बार्निया ने मुझे आगाह किया था कि शायद उन्हें शव न मिले।

# मिस्र, अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों ने गाजा, सीरिया पर चर्चा की

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से फोन पर बात की। इस बातचीत में उन्होंने गाजा पट्टी और सीरिया की स्थिति पर चर्चा की। यह जानकारी मिस्र के विदेश मंत्रालय ने दी। शनिवार रात हुई इस चर्चा के दौरान अब्देलत्ती ने गाजा में तुरंत युद्ध विराम के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयास जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में मानवीय मदद की पहुंच बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित की जानी चाहिए।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्र के विदेश मंत्री ने इजरायल से फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ अपनी आक्रामक नीतियां रोकने की मांग की। उन्होंने गाजा के स्वास्थ्य ढांचे और अस्पतालों को निशाना बनाने की इजरायल की रणनीति का कड़ा विरोध किया। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के आतंकियों द्वारा किए गए हमले के जवाब में गाजा पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। इस हमले में करीब 1,200 इजरायली मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया था।

इसके बाद से गाजा में इजरायल के हमलों में 45,805 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 1,09,064 घायल हुए हैं। गाजा की स्वास्थ्य एजेंसियों के अनुसार यह आंकड़े रविवार को जारी किए गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2023 से अप्रैल 2024 के बीच मारे गए 8,119 लोगों में से लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे थे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ब्लिंकन और अब्देलत्ती ने गाजा में युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई, मानवीय मदद को बढ़ाने और युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं ने सीरिया में राजनीतिक बदलाव पर भी बात की। दिसंबर 2024 की शुरुआत में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद हुए बदलावों पर ध्यान दिया गया। मिस्र के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब्देलत्ती ने कहा कि सीरिया में ऐसा राजनीतिक बदलाव होना चाहिए जो बाहरी दबावों से मुक्त हो और देश की सुरक्षा, स्थिरता और अखंडता को बनाए रखे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने सीरिया में समावेशी और सीरियाई नेतृत्व वाले शांतिपूर्ण राजनीतिक बदलाव का समर्थन दोहराया। उन्होंने क्षेत्र में शांति लाने में मिस्र की भूमिका की सराहना की।

# मैक्सिको के बार में फिर से गोलीबारी, सात लोगों की मौत, पांच घायल, पुलिस ने शुरू की जांच

**विलेहरमोसा, एजेंसी।** दक्षिणी पूर्वी मैक्सिको के विलेहरमोसा शहर के एक बार में फिर से गोलीबारी हुई। इसमें सात लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बार में गोलीबारी करने वाले अपराधियों की तलाश की जा रही है। विलेहरमोसा के बार में नवंबर 2024 में भी गोलीबारी हुई थी। इसमें छह लोगों की मौत हो गई थी।

### गुप्त रूप से चल रहा था बार

अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियो ने ला कैसीटा अजुल बार में घुसकर ग्राहकों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद सात लोगों की मौत हो गई। इस बार को गुप्त रूप से चलाया जा रहा था। अफसरों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

इससे पहले 24 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी मैक्सिको के डीबार नाम के बार में बंदूकधारियों ने गोलीबारी कर दी थी। इससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले नौ नवंबर को मध्य मैक्सिकन शहर क्वेरेटारो में बंदूकधारियों ने एक बार पर हमला कर 10 लोगों की हत्या कर दी थीष क्वेरेटारो के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के प्रमुख जुआन लुइस फेरुस्का के अनुसार, हमलावरों ने शहर के ऐतिहासिक जिले में लॉस कैंटारिटोस बार के अंदर गोलीबारी की थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में बताया गया था कि हथियारों से लैस कम से कम 4 लोग एक पिकअप ट्रक पर सवार होकर आए थे और फिर उन्होंने हत्याकांड को अंजाम दिया था।

### सेना की तैनाती के बाद बढ़े मामले

मैक्सिको में 2006 में तस्करी से निपटने के लिए सरकार ने सेना तैनात की थी। इसके बाद मैक्सिको में मादक पदार्थ संबंधी हिंसा में 4.5 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने नशे की तस्करी को खत्म करने के लिए सामाजिक नीति का उपयोग करने का संकल्प लिया है।

# ट्रूडो के इस्तीफा देते ही ट्रंप ने कहा- अब कनाडा का अमेरिका में हो विलय

**-अब चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व नहीं करेंगे जस्टिन ट्रूडो**

**वाशिंगटन।** भारत पर झूठे इल्जाम लगाने वाले कनाडा पीएम जस्टिन ट्रूडो की आखिर कुर्सी चली ही गई। जस्टिन ट्रूडो ने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। इसका मतलब अब अगले चुनाव में वह लिबरल पार्टी का नेतृत्व नहीं करेंगे। इससे कनाडा में अब अगले पीएम की तलाश शुरु हो गई है। इस बीच अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की घोषणा होते ही कनाडा को अमेरिका में मिलाने की बात दोहरा दी।

जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब कनाडा का अमेरिका में विलय हो जाना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से अपने पुराने प्रस्ताव को दोहराया है। उन्होंने पहले भी कहा था कि कनाडा का अमेरिका में विलय हो जाना चाहिए। अगर कनाडा का अमेरिका में विलय हो जाता है तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा, टैक्स बहुत कम हो जाएगा और उन्हें रूस और चीन के जहाजों के खतरे से पूरी तरह सुरक्षा मिलेगी जो लगातार उन्हें घेरे रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मिलकर, हम एक महान राष्ट्र बनेंगे!!!

बता दें पीएम ट्रूडो को अपने नेतृत्व को लेकर असंतोष का सामना करना पड़ रहा था। पिछले साल के आखिर में वित्त मंत्री के अचानक इस्तीफे से ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार में हलचल मच गई थी। ट्रूडो के इस्तीफे की घोषणा से कुछ समय पहले एक अधिकारी ने बताया था कि संसद 24 मार्च तक निलंबित रहेगी। संसद का सत्र 27 जनवरी को फिर से शुरू होना था। इस दौरान लिबरल पार्टी के नेतृत्व का चुनाव होगा। ट्रूडो 2015 से कनाडा के पीएम थे और उनके इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी में नए नेता की तलाश शुरू हो गई है। ट्रूडो के इस्तीफे से कनाडा में इस साल चुनाव की संभावना भी बढ़ गई है। इसके पहले ट्रूडो ने इस्तीफा देने से इंकार कर दिया था, लेकिन पार्टी ने उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया था और चेतावनी दी थी कि अगर वह इस्तीफा नहीं देंगे तो उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ट्रूडो के इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी अब पीएम पद पर कार्यभार संभालने के लिए एक अंतरिम नेता का चयन करेगी। इसके साथ ही पार्टी एक विशेष नेतृत्व सम्मेलन भी आयोजित करेगी। यदि चुनाव इससे पहले होते हैं, तो पार्टी को ऐसे पीएम के अधीन काम करना पड़ेगा, जिन्हें पार्टी सदस्य नहीं चुनेंगे। यह कनाडा के इतिहास में पहली बार होगा।



